वर्ष- 21 अंक - 278 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, बुधवार 25 मार्च 2026

## पेट्रोल-डीजल को लेकर हाहाकार... लंबी कतार...

# इंदौर, देवास, आगर-मालवा, मंदसौर से लेकर गुजरात तक पंपों पर भारी भीड़





बुधवार ● एजेंसी

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाधित होने के बाद से सोशल मीडिया पर पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर अफवाहें फैल रही है। इन्हीं अफवाहों के बीच मध्य प्रदेश और गुजरात के कई जिलों में अफरा-तफरी मच गई। इंदौर, आगर मालवा, मंदसौर, नीमच, बड़वानी समेत मध्यप्रदेश के कई इलाकों और गुजरात के अहमदाबाद, वडोदरा, गांधीनगर, सूरत और राजकोट में कल रात को पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों की लंबी कतार लगी रहीं। यह नजारा आज सुबह भी देखने को मिला। लोग ड्रम, केन, बोतल और कुप्पियों में ईंधन भरकर ले जाने लगे। कुछ पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया, जिसके बाद पंप बंद कर दिए गए। प्रशासन का साफ कहना है कि किसी भी तरह की कमी नहीं है, फिर भी लोग घबराकर पेट्रोल-डीजल के लिए घंटों लाइन में लगे हुए हैं। आगर मालवा जिले में ट्रैक्टरों पर बड़े-बड़े ड्रम और केन लेकर किसान पहुंचे, तो कुछ लोग मोटरसाइकिल, कार और यहां तक कि एम्बुलेंस लेकर कतार में लग गए। जरूरत से ज्यादा पेट्रोल-डीजल भरवाने के कारण कुछ पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल का स्टॉक खत्म हो गया।

## अब एटीएम से निकलेगा गैस सिलेंडर!

**गुरुग्राम.एजेंसी।** भारत गैस ने गुरुग्राम के सोहना में एलपीजी एटीएम की शुरुआत कर दी है जो पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस है। जहां से लोग 2-3 मिनट में अपना खाली सिलेंडर जमा करके नया भरा सिलेंडर ले सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे एटीएम से पैसे निकालते हैं।

## अब भारत आएंगे 20 जहाज

बुधवार.एजेंसी। जंग के कारण होर्मुज में भारत के तेल-गैस से लदे 20 जहाज फंसे हुए हैं। अब ये जहाज भारत आ सकते हैं। ईरान ने संकेत दिया है कि वह होर्मुज स्ट्रेट से भारत सहित कई देशों को अपने जहाज निकालने की अनुमति दे सकता है, लेकिन अमेरिका और इजराइल के जहाजों को नहीं निकलने दिया जाएगा।

## इजराइल ने कहा– जंग खत्म करा सकता है भारत

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली में इजराइल के राजदूत रुविन अजार ने कहा कि भारत ईरान युद्ध खत्म करवा सकता है, क्योंकि वेस्ट एशिया में भारत का अच्छा प्रभाव है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान में सत्ता बदलने तक हमारा मिलिट्री ऑपरेशन चलेगा।

## ट्रंप ने किया जंग में जीत का बड़ा दावा

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्ध विराम का ऐलान किया। इसके बावजूद वे अपने सैनिक भेजने की तैयारी कर रहे हैं। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने की बात कही है जिसके कारण अमेरिका ने यह युद्ध जीत लिया है।

# कुवैत के एयरपोर्ट पर ईरान का ड्रोन अटैक फ्यूल टैंक में लगी आग

**बुधवार.एजेंसी।** अमेरिका के युद्ध विराम के बावजूद ईरान ने कुवैत के एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक किया जिससे फ्यूल टैंक में आग लग गई। इस बीच इजराइल ने पहली बार कैस्पियन सागर में मिसाइलें दागकर रूस, ईरान के हथियार सप्लाय लाइन को निशाना बनाया। उधर इराकी लड़ाकों ने अमेरिका के 23 ठिकानों पर हमला बोला।

## इजराइल ने कैस्पियन सागर में दागीं मिसाइलें

## न्यूज़ ब्रीफ...

### सोना-चांदी के साथ शेयर बाजार में भी उछाल

**बुधवार.एजेंसी।** जंग के बीच आज चांदी के भाव में 12500 रुपए का उछाल आया और चांदी 2 लाख 36 हजार पार हो गई। उधर सोना के भाव में भी 5400 का उछाल आया। सोना अब 1 लाख 44 हजार के पार हो गया। सोना-चांदी की तरह आज शेयर बाजार में भी उछाल आया। सेंसेक्स 1250 की तेजी के साथ खुला जबकि निफ्टी में भी 400 पार का उछाल आया।

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति घर पर ही काटेंगे 27 साल की सजा

**बुधवार.एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो को वहां की सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ी मानवीय राहत दी है। अदालत ने आदेश दिया है कि बोलसोनारो अपनी 27 साल की जेल की सजा अब जेल के बजाय अपने घर पर हाउस अरेस्ट रहकर काट सकेंगे। यह फैसला उनकी लगातार बिगड़ती सेहत को देखते हुए लिया गया है। बोल्सोनारो पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव हारने के बाद सत्ता पर कब्जा बनाए रखने के लिए तख्तापलट की साजिश रची थी।

### चुनाव से पहले ममता ने दिया 23 पदों से इस्तीफा

**कोलकाता.एजेंसी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य स्वास्थ्य मिशन की प्रमुख, राज्य वन्यजीव बोर्ड की अध्यक्ष और इको-टूरिज्म सलाहकार बोर्ड जैसे 23 बड़े पदों से इस्तीफा दे दिया है।

### दिग्विजय सिंह अयोध्या में राम मंदिर के करेंगे दर्शन

**बुधवार।** पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद दिग्विजय सिंह कल 26 मार्च को भगवान राम की जन्म स्थली अयोध्या पहुंचेंगे और भगवान के दर्शन का लाभ भी लेंगे। मंदिर निर्माण के बाद पहली बार दिग्विजय सिंह अयोध्या जा रहे हैं।

### चोरी के दो बच्चे बेचने जा रही महिला गिरफ्तार

**बरेली।** बरेली में पुलिस ने एक बच्चा चोर महिला को गिरफ्तार किया है जो हरदोई और मेरठ से चुराए गए दो बच्चों को बेचने जा रही थी।

# 7 महीने से फरार आप विधायक गिरफ्तार

**पटियाला.एजेंसी।** आप विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को पटियाला पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। रेप और धोखाधड़ी के आरोपी विधायक पठानमाजरा बीते साल (सितंबर 2025) से फरार चल रहे थे। सात महीने बाद अब पुलिस को आरोपी विधायक का सुराग मिला, जिसके बाद उन्हें अरेस्ट कर लिया गया। उनके तीन साथियों को भी पकड़ा गया है।



पठानमाजरा के खिलाफ रेप, धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी के आरोप में एफआईआर दर्ज है। इस मामले में वह 2 सितंबर से फरार था। पठानमाजरा को अदालत द्वारा पहले ही 'भगोड़ा' घोषित कर लुकआउट नोटिस जारी किया जा चुका था।

## ट्रंप की लोकप्रियता घटी

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** ईरान के साथ जारी जंग और अमेरिका में पेट्रोल की बढ़ती कीमतों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता को तगड़ा झटका दिया है। ट्रंप की रेटिंग गिरकर 36प्रश के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है।

# 13 साल तक कोमा में रहे हरीश राणा को नम आंखों से अंतिम विदाई

**नई दिल्ली.एजेंसी।** 13 साल से कोमा में रहे हरीश राणा का आज दक्षिण दिल्ली के ग्रीन पार्क में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट से निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति के बाद उनका एम्स में निधन हुआ था। अंतिम विदाई के दौरान माहौल बेहद भावुक रहा। परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे पहले उनके पिता ने एक मैसेज जैसे ही व्हाट्सएप ग्रुप में भेजा, उसे पढ़ते ही लोगों की आंखों से आंसू निकल आए।



# पटवारी बोले- हमारी सरकार आई तो भागीरथपुरा के दोषियों को जेल में डालेंगे

## प्रभारी बोले- अपनी ब्रांडिंग के बजाए कांग्रेस संगठन की ब्रांडिंग करें, ब्लॉक कांग्रेस असली कांग्रेस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस की समीक्षा बैठक में कल प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज हरीश चौधरी और जीतू पटवारी की मौजूदगी रही। कांग्रेस ने गांधी भवन के नीचे रोड पर ही छोटा मंच लगाकर समीक्षा बैठक आयोजित की। बड़े नेता मंच की जगह नीचे बैठे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी बोले भागीरथपुरा के दूषित जल के कारण कई लोगों की मृत्यु हो गई। आज भी इस दूषित जल से मौत के दोषी लोग शिकंजे से दूर है। दोषियों को निलंबित नहीं किया गया है, दूसरों पर गाज डाल दी गई है, हमारी सरकार आएगी तब हम दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे और दोषियों को जेल में भी डालेंगे। वहीं प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कांग्रेस ब्लॉक स्तर पर मजबूत की जाए। कांग्रेस का असली संगठन ब्लॉक कांग्रेस है, जो मंडलम और बूथ तक ठीक से संचालित हो। अब परिक्रमा से नहीं मेहनत से पद कांग्रेसियों को मिलेगा। जीतू पटवारी का मुख्य फोकस नगर निगम चुनाव था। क्योंकि अगले साल जुलाई में नगर निगम चुनाव होना है। पटवारी ने कहा कि निगम चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दो। वार्ड की मतदाता सूची शहर कांग्रेस से ले लो और उस सूची को चेक करो, मतदाता का नाम छूटा हो तो उसे जुड़वाओ, शहर कांग्रेस, ब्लॉक, मंडलम के अलावा सभी मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जैसे ही कार्यक्रम 1.30 बजे समाप्त हुआ और 1.45 बजे खाने के लिए कतार लग गई। कुछ कांग्रेसी इस भीड़ में जाने से बचे, तो उन्होंने आधा घंटा बाद आराम से भोजन किया। चिंटू चौकसे ने भी संबोधित किया। 4 नम्बर प्रभारी शैलेष गर्ग को मतदाता सूची भेंट की गई। संचालन देवेन्द्रसिंह यादव, संजय बाकलीवाल ने किया।



*जीतू पटवारी और हरीश चौधरी नीचे ही बैठे, समीप स्थाई आमंत्रित सदस्य में मजहर हुसैन सेठजीवाला और विधानसभा 1 के प्रभारी दीपू यादव भी नजर आए।*

## कांग्रेस कोषाध्यक्ष का जगह-जगह स्वागत




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग का पद के बाद जगह-जगह स्वागत हो रहा है। अग्रवाल समाजजनों के अलावा कांग्रेस के कई धड़ों ने भी उनका स्वागत किया है। अग्रवाल समाज की कई संस्थाओं ने भी सम्मान किया और आने वाले दिनों में भी सम्मान का कार्यक्रम तय किया है। वहीं कांग्रेसियों ने भी शैलेष गर्ग के सम्मान का आयोजन अलग-अलग जगह किया। अग्रवाल समाज के विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, पवन सिंघानिया, राजेश बंसल, गणेश गोयल, शिव जिंदल ने भी बधाई दी है।

## शहर कांग्रेस की बैठक नीचे, तो जिला की समीक्षा ऊपर हुई

### 5 घंटे अनुशासन में रहे कांग्रेसी, प्रभारी ने की तारीफ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में शहर कांग्रेस ने निगम चुनाव के मद्देनजर संगठन मजबूती की बैठक नीचे रोड पर आयोजित की। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे ने अलग-अलग विधानसभा में बनाए जा रहे छह बार के मंडलम अध्यक्षों की समीक्षा बैठक कल हरीश चौधरी और जीतू पटवारी की मौजूदगी में कल गांधी भवन में ऊपर आयोजित की। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जीतू पटवारी और हरीश चौधरी, विपिन वानखेडे ने उदबोधन में मंडल अध्यक्षों को दिशा-निर्देश भी जारी किए। कल वरिष्ठ नेता तो देरी से पहुंचे थे, लेकिन जिला कांग्रेस के कांग्रेसी 12 बजे से गांधी भवन के ऊपर मंजिल पर अनुशासित बैठे रहे, 5 बजे तक बगैर शोर शराबे के यह बैठक चली। राष्ट्र गीत से बैठक शुरू हुई, राष्ट्रगान से समापन हुई। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने जिला कांग्रेस की बैठक की प्रशंसा की और कहा कि आज मैं सुकून से सो सकता हूं, जिस तरह की बैठक की मैंने कल्पना की थी, उसी तरह की बैठक जिला कांग्रेस ने मंडलम अध्यक्षों के साथ आयोजित की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि अब इस तरह की बैठकें पूरे प्रदेश में आयोजित होगी। संगठन महामंत्री दौलत पटेल, बांक पंचायत सरपंच सोहराब पटेल, सदाशिव यादव सहित अन्य मौजूद थे।







# राजवाड़ा से गांधी भवन पहुंचे ब्लॉक अध्यक्ष

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 3 के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, शहर पदाधिकारी और कार्यकर्ता राजवाड़ा माँ अहिल्या प्रतिमा पर पहुंचे, माँ के पूजन के बाद कांग्रेसी गांधी भवन मीटिंग के लिए पहुंचे। सत्यनारायण सलवाड़िया, शेलू सेन, विशाल चतुर्वेदी, मुकेश पुरी, निलेश गोसर, दिनेश सिलावट, अंकित पंवार मौजूद थे।

# तीन मंडल में प्रशिक्षण वर्ग शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के तीन मंडलों में से एक प्रशिक्षण वर्ग आज सुबह से एमआर-10 के समीप होटल में शुरू हुआ। प्रदेश सरकार की योजना पर राजीव खंडेलवाल उदबोधन दे रहे है। वहीं द्वितीय सत्र में वैचारिक अधिष्ठान विषय पर डॉ. निशांत खरे, तृतीया सत्र में बाबूसिंह रघुवंशी कार्य पद्धति पर, चतुर्थ सत्र में संतोष मेहता भाजपा का इतिहास, पंचम सत्र में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कार्य विस्तार विषय पर, छठवें सत्र में सोशल मीडिया, एआई विषय पर जितेंद्र सुराणा, सप्तम सत्र केंद्र सरकार की योजना विषय पर प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे मार्गदर्शक देंगे। यह आयोजन शाम तक चलेगा। वहीं कल 26 मार्च को समापन सत्र में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा जीजाबाई मंडल में मार्गदर्शन कल सुबह 9 बजे से देंगे। यहां भी डॉ. निशांत खरे, बाबूसिंह रघुवंशी, राजीव खंडेलवाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, संतोष मेहता, जितेन्द्र सुराणा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव मार्गदर्शन देंगे। आज एक ओर डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी मंडल का प्रशिक्षण वर्ग रिसोर्ट पर शुरू हुआ, वहां बाबूसिंह रघुवंशी का उदबोधन चल रहा है उसके बाद बारी-बारी से मार्गदर्शन होंगे।

# खादीवाला की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कल कांग्रेसियों के साथ गांधी भवन के संस्थापक रहे पूर्व सांसद कन्हैयालाल खादीवाला की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# कांग्रेस कार्यकारिणी की दूसरी सूची में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मिले जगह





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जमीनी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को आगे लाओ मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतू दीवान ने कल गांधी भवन में समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि जमीन से जुड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है। पठ्ठावाद और गुटबाजी को खत्म किया जाए और शहर कांग्रेस कार्यकारिणी की दूसरी सूची जारी की जाए, जिसमें निष्ठावान कार्यकर्ताओं को स्थान दिया जाए। प्रदेश में 25 सालों से कांग्रेस की और 12 सालों से केन्द्र में सरकार नहीं है, हम लगातार लोकसभा, विधानसभा, नगर निगम चुनाव हार रहे हैं। इसके बावजूद कांग्रेस में बैठे हुए जिम्मेदार नेताओं के कानों में जू नहीं रेंग रही है। जिन कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं पर आन्दोलन के दौरान मुकदमे लगे उन्हें भी मौका नहीं दिया जा रहा है। पुराने कार्यकर्ताओं को अभी वर्तमान इकाई में जगह नहीं दी गई है, निष्ठावानों को जगह दी जाए तभी कांग्रेस मजबूत होगी।

# कांग्रेस नेता की जेब से पर्स ताड़ते ही जेब कतरा धराया

## गांधी भवन के नीचे चल रहा था कार्यक्रम के बाद भोज का आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कल कांग्रेस ने नए पदाधिकारियों और पुराने मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में समीक्षा बैठक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में आयोजित की थी। कल के आयोजन से कांग्रेस गदगद थी और आयोजन के बाद भीड़ में कांग्रेसी अपनी पेटपूजा कर रहे थे। कांग्रेस के नए प्रवक्ता दीपक चौहन के भाई विनय चौहान, विपिन ठाकुर भी भोजन का लुत्फ ले रहे थे। कांग्रेस की भीड़ में जेब कतरा वासुदेव महादेव निवासी हातोद भी पहुंच गया और उसने विनय चौहान निवासी परदेशीपुरा की जेब से पर्स निकाला, जिसमें 10 हजार रु. रखे थे, जैसे ही जेब साफ हुई उसका आभास विनय चौहान को हो गया था। तत्काल जेब कतरे को पकड़कर उसकी खबर भी ली गई और फिर उसे पुलिस के हवाले भी किया गया। पंढरीनाथ पुलिस ने विनय चौहान निवासी परदेशीपुरा की शिकायत पर वासुदेव पिता महादेव निवासी हातोद के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी कई आयोजनों में कांग्रेस नेताओं की जेब कटी है, फिर भी कांग्रेसी जेब में खर्चे के पैसे रखने के बजाए हजारों रुपये रखकर ले जाते हैं, जबकि कांग्रेस अभी 22 सालों से सत्ताविहीन है।

# बागड़ी के निवास पर प्रदेश कांग्रेस दिग्गज



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** वैश्य अग्रवाल समाज से जुडे वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविन्द बागडी के निवास पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी,रणविजय लोचव, दिनेश मल्हार, विपिन वानखेड़े,कुणाल सोंलंकी ने स्वागत किया। बागडी ने कांग्रेस के उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ पर चर्चा की। वहीं उद्योगपति रोहित बागडी ने उद्योग क्षेत्रों में व्यापियों को आ रही समस्या को लेकर भी मंथन किया।

# भाजपा नेता गोयल के घर पर भजन संध्या, प्रसादी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 5 से जुड़े भाजपा नेता राकेश गोयल के निवास पिंक सिटी में गणगौर महोत्सव के अन्तर्गत भजन संध्या और प्रसादी का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के अलावा विधायक महेन्द्र हार्डिया, दीपक राजोरिया, उमेश मंगरोला, महेश बसवाल, मलखान कटारिया, सुनील वर्मा, प्रणव मंडल, दिलीप शर्मा, मनोज गोयल, दयाल गुरु, पिंटू पवार, दिलीप नागराज सहित अन्य पहुंचे थे।

# सूरी को मिली जिम्मेदारी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग ने आगामी असम विधानसभा चुनाव को लेकर कमेटी बनाई है। देशभर के अल्पसंख्यक नेताओं को इसमें संयोजक,



सहसंयोजक, सदस्य बनाए हैं। इंदौर के कांग्रेस नेता मुस्लिम समाज से जुड़े अल्पसंख्यक अमीनुल खान सूरी को असम चुनाव के लिए सदस्य बनाया गया है। अब सूरी को संगठन की जिम्मेदारी असम पहुंचकर निभाना होगी, उक्त नियुक्ति कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने की है।

# महावीर और हनुमान जयंती पर दो संत देंगे आध्यात्मिक संदेश

## संघ के गुप्ता रहेंगे अतिथि

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा नेता और जैन समाज से जुड़े दीपक जैन टीनू ने बताया कि 1 अप्रैल की शाम 4 बजे रविन्द्र नाट्यगृह में भगवान महावीर स्वामी और हनुमानजी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पण के प्रतीक महावीर पर संतों की उपस्थिति में आध्यात्मिक समागम का आयोजन किया जाएगा। दोनों महावीर की जयंती पर स्वामी गोविंद देवगिरी और आचार्य लोकेश मुनि आध्यात्मिक संदेश देंगे। इस कार्यक्रम में आरएसएस के प्रवीण गुप्ता विशेष अतिथि होंगे। वहीं रामलला के पोशाक निर्माता और मूर्तिकार महावीर को सम्मान से नवाजा जाएगा। यह आयोजन संस्था सार्थक के बैनरतले दीपक जैन टीनू करवा रहे हैं, कार्यक्रम में संतों के अलावा विशिष्टजनों की मौजूदगी रहेगी। रामलला विग्रह के नियमित पोशाक निर्माता मनीष त्रिपाठी तथा राम दरबार के मूर्तिकार प्रशांत पाण्डेय शामिल हैं।



# भाजपाई रहे यात्रा में मौजूद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पालीवाल ब्राह्मण समाज ने मूसाखेड़ी से गणगौर पर्व की यात्रा निकाली तो उसमें पालीवाल समाजजनों के साथ भाजपाई भी पहुंचे। रोहित पालीवाल ने बताया कि 300 मातृशक्तियां भी शामिल हुई। विधायक महेन्द्र हार्डिया, राजेश उदावत, महेश जोशी, नरेश पुरोहित, भगवती उपाध्याय, मलखान कटारिया, सूरज जोशी के अलावा समाज के राकेश जोशी, मांगीलाल जोशी, प्रभुशंकर पालीवाल, मनोज जोशी, गणेश बागोरा, आकाश जोशी, विकास, भेरूलाल पालीवाल, भरत जोशी मौजूद थे।



# लालवानी ने कल ही दे दी सीएम को बधाई

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आज जन्म दिवस है। इससे पहले कल सांसद शंकर लालवानी ने उनसे मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की अग्रिम शुभकामना दी।

# नगर निगम ने पौधारोपण अभियान के लिए फिर जमीन तलाशना की शुरू

## रेवती रेंज के साथ ही आसपास के गांव में देखी जा रही है बड़ी जमीनें

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

हर साल की तरह इस साल भी आगामी वर्षा ऋतु में बड़ी संख्या में पौधारोपण की तैयारी नगर निगम और नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की जा रही है जिसके लिए जमीनों की तलाश अभी से शुरू हो गई है नगर निगम इस काम में जुड़ गया है 29 गांव में शासकीय जमीन खोजने का काम उद्यान विभाग के अधिकारियों को सोपा गया है जो जिला प्रशासन से भी लगातार संपर्क कर रहे हैं इसके लिए कलेक्टर शिवम वर्मा ने भी अपनी ने नजूल विभाग को निर्देशित किया है कि वह नगर निगम सीमा की बड़ी जमीन जो नजूल के अंतर्गत आती हो उसकी जानकारी नगर निगम अधिकारियों को दे, बताया जा रहा है कि इस बार भी नगर निगम 5 लाख पौधे लगाने का टारगेट रखेगा जो शहर के आसपास 29 गांव में खाली पड़ी सरकारी जमीन पर लगाए जाएंगे।

उद्यान विभाग के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि जून माह से हर साल की तरह इस साल भी पौधारोपण अभियान शुरू किया जाएगा जिसकी तैयारियां हमने शुरू कर दी है जमीनों की तलाश की जा रही है नगर निगम सीमा में शामिल जमीनों का रिकॉर्ड चेक करवाया जा रहा है कलेक्टर कार्यालय को भी इसकी सूचना दी गई है सरकारी बड़ी जमीन जहां पर एक साथ एक लाख पौधे लगाए जा सके ऐसी जमीन की तलाश की जा रही है आगामी दिनों में वर्षा ऋतु के दौरान लगभग 5 लाख पौधे लगाने के लिए हाथ से जमीन की तलाश चल रही है। जमीन चिन्हित होने के बाद उसे ठीक करने का काम किया जाएगा वहां पौधारोपण के लिए मूलभूत तैयारी की जाएगी जिसमें जमीन को समतल करना मिट्टी का परीक्षण पौधों की ग्रोथ को लेकर आवश्यक तैयारी मिट्टी एवं खाद्य सहित अन्य सामग्री उपलब्ध करवाना मौके पर गड्ढे सहित सुरक्षा बंदोबस्त सिहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

अपर आयुक्त रजनगाँवकर ने बताया कि इस वर्ष भी रेवती, खुड़ैल, भंगिया, कैलोद हाला, बिचौली हब्सी, नैनोद, बड़ा बांगड़दा, मगर खड़ी, बिचौली मर्दाना, मांगलिया सिहित गाँव में जमीनें खोजी जा रही है। नगर निगम की प्राथमिकता है कि शहर के आसपास घने वन लगाया जाए, इसके अलावा शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों की जमीन ऑन के अलावा छोटे-छोटे वन मियांबाकी पद्धति से विकसित किए जाएं ताकि शहर में प्रदूषण की मात्रा कम हो सके। हमारा उद्देश्य है कि जहां भी पौधे लगाए जाएं वहां 100 प्रतिशत पौधों को जिंदा रखा जाए हालांकि यह संभव नहीं है इसमें 10 से 15 प्रतिशत पौधे जीवित नहीं रह पाते लेकिन उनके स्थान पर तत्काल नए पौधे लगाकर जमीन के हर हिस्से पर पौधा लगाए।

# प्राधिकरण का बजट अब 30 को

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इंदौर विकास प्राधिकरण का बजट अब 30 मार्च को आएगा। यह बजट कल 26 मार्च को आने वाला था लेकिन प्रदेश के मुख्य सचिव के द्वारा भोपाल में बुलाई गई बैठक के कारण इस शेड्यूल को बदल दिया गया है।**

## मुख्य सचिव के द्वारा बुलाई गई बैठक के कारण बदला शेड्यूल

इंदौर विकास प्राधिकरण एक ऐसी अर्ध शासकीय बॉडी है जहां पर की भरपूर पैसा है और उनके द्वारा विकास कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान किया जाता है। ऐसे में प्राधिकरण के बजट का अपना एक अलग महत्व होता है। यह बजट कल 26 मार्च को आने वाला था। इस बजट में शहर को विकास की दृष्टि से नई सौगात मिलने की उम्मीद थी। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन के द्वारा कल गुरुवार को भोपाल में सभी कलेक्टर को वर्तमान हालात और विकास के मुद्दे पर चर्चा के लिए बुला लिया गया है। ऐसे में इंदौर के कलेक्टर शिवम वर्मा भी भोपाल जा रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए प्राधिकरण के बजट को आगे बढ़ा दिया गया है। यह बजट अब 30 मार्च सोमवार को प्रस्तुत किया जाएगा। उस दिन प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक रखी गई है। इस बैठक में बजट को प्रस्तुत कर मंजूरी दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री 29 को इंदौर आएंगे शहर को देंगे करोड़ों की सौगात

## जनता के साथ चर्चा कर समस्या का समाधान भी करेंगे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव 29 मार्च को इंदौर आ रहे हैं। इस यात्रा के दौरान उनके द्वारा शहर को करोड़ों रुपए की सौगात दी जाएगी। इसके साथ ही जनता से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इंदौर नगर निगम की ओर से मुख्यमंत्री से जन सुविधाओं के कामों का भूमि पूजन करने के लिए आग्रह किया गया था। इस पर मुख्यमंत्री कार्यालय से 29 मार्च को इंदौर में कार्यक्रम का आयोजन की सहमति प्राप्त हो गई है। इस दिन नर्मदा पेयजल योजना के अंतर्गत अमृत 2.0 में किए जाने वाले कामों के तीन पैकेज का भूमि पूजन होगा। इन पैकेज की लागत 1000 करोड रुपए से ज्यादा की है। इन पैकेज में किए जाने वाले कामों से जनता को पानी की समस्याओं से मुक्ति मिलेगी और सभी को आसानी के साथ पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

भार्गव ने बताया कि इस दिन अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के द्वारा संकल्प से समाधान कार्यक्रम में भी भाग लिया जाएगा। यह कार्यक्रम किस स्थान पर होगा यह अभी निश्चित होना शेष है। यह तय हो गया है कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होगा और उसमें मुख्यमंत्री जनता से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम के लिए भोपाल से सहमति आने के साथ ही कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई है।

# क्रांति कृपलानी नगर सड़क की दरार से गिरे बुजुर्ग घायल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। राऊ विधानसभा के अन्नपूर्णा मंदिर के समीप क्रांति कृपलानी नगर सुरभि स्विट्स दुकान के पास से जो गली अन्दर जाती है वहां पहले से ड्रेनेज लाइन खोदी गई थी जो करीब 11 महीने में ठीक हो गई थी उसके बाद फिर सड़क बनाई गई और उसमें काम किया गया। घटिया सीमेंट कांक्रीट से सड़क का निर्माण होने की शिकायत रहवासियों ने की थी और सड़क निर्माण के बाद यहां बड़ी दरारे सड़क पर देखने को मिल रही है। इसी दरार के चलते कई लोगों के वाहन स्लीप हो रहे है। दो दिन पहले क्रांति कृपलानी नगर में रहने वाले 62 साल के बुजुर्ग मनोहरलाल नरसियानी भी इस मोटी दरार की चपेट में आकर गिरे और उनके चेस्ट में चोटे आई और खून का थक्का भी जम गया। रहवासियों का कहना है कि इस सड़क की दरार को जल्द ठीक नहीं किया गया तो अन्नपूर्णा रोड पर प्रदर्शन कर झोन का घेराव भी किया जाएगा।

# पूर्व विधायक रहे मेड़तवाल समाज के आयोजन में मौजूद

## दिखाई बेटी, बहू और मातृशक्तियों को केरला स्टोरी फिल्म



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता और उनके भाई शक्तिनाथ गुप्ता मेड़तवाल समाजजनों के द केरला स्टोरी-2 फिल्म दिखवाने में सहभागी बने। बडी संख्या में मेड़तवाल समाज से जुडी सैकडों मातृशक्तियां बहू और बेटियां यह फिल्म देखने पहुंची। विकास मेडतवाल, प्रदीप गुप्ता, प्रीति गुप्ता, लक्ष्मीनारायण मेडतवाल, निधी गुप्ता, इंद्रा शैलेंद्र गुप्ता, रेणुका गुप्ता, एडवोकेट अंतिमा गुप्ता, आर.सी. गुप्ता कालीपीठ वाले, जमना गुप्ता बांसखेड़ा, अमित गुप्ता, विवेक गुप्ता, ललित पैरोलियावालो, मधुबाला गुप्ता, उषा बी.के. गुप्ता ने अपनी भूमिका निभाई।

# आज दोपहर इंटर्नशिप विथ मेयर कार्यक्रम

## 125 से अधिक प्रतिभावान छात्र-छात्राएं होंगे शामिल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंटर्नशिप विथ मेयर जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की श्रृंखला में आज दोपहर 2 बजे मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित एआईसीटीएसएल सभागृह में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मार्गदर्शन में ग्लोबल इंडियन आर्गेनाईजेशन (जीआईओ) के इंदौर चैप्टर के सहयोग से करीब 125 प्रतिभावान छात्रों को विश्व स्तरीय विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। जीआईओ के रीजनल प्रेसीडेंट युवराज वरदराज मंडलोई ने बताया कि जीआईओ इंटरनेशनल के मीडिया एवं कम्युनिकेशन हेड वीरांगानायुलु शिवारात्रि इस सत्र में चुनिन्दा छात्रों को ग्लोबल एक्सपोजर, औद्योगिक क्षेत्र की वास्तविकता, करियर संबंधी प्रैक्टिकल स्किल्स और अंतर्राष्ट्रीय लर्निंग एक्सपीरियंस से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन करेंगे।

# 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए खुला पोर्टल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। एमपी बोर्ड द्वारा आयोजित 5वीं और 8वीं के बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया जा रहा है, बोर्ड की वेबसाइट पर आज सुबह से विद्यार्थी और स्कूल प्राचार्य सहित अन्य परिणाम देखने के लिए उत्सुक नजर आए। खासतौर से विद्यार्थी इस पोर्टल पर जाकर अपना नम्बर और समग्र आईडी डालकर रिजल्ट जानना चाह रहे थे, रिजल्ट कुछ देरी से आ रहा था। समाचार लिखे जाने तक वेब पोर्टल सभी दूर खोले गए हैं। कुछ ही देर में पूरा परिणाम सामने आ जाएगा।

# उर्दू स्कूल की बदहाली पर सवाल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 3 के वार्ड 58 स्थित उर्दू स्कूल बड़वाली चौकी की बदहाली पर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने प्रश्न करते हुए कहा कि अगर स्कूल के हालात नहीं सुधारे गए तो जल्द नगर निगम और शिक्षा विभाग की कुम्भकर्णी नींद जगाने के लिए आन्दोलन किया जाएगा। आबिद हुसैन बरकाती ने सीधी चेतावनी दी है और कहा कि यहां बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक विद्यार्थी पढ़ते हैं, इसलिए जानबूझकर शिक्षा विभाग और नगर निगम ध्यान नहीं देता है और परेशानी पैदा करता है, जिससे स्कूल लगातार बदहाली की ओर जा रहा है। इस मामले में ज्ञापन भी दिए जाएंगे और फिर जरूरत पड़ी तो धरना, प्रदर्शन और उसके बाद चक्काजाम भी किया जा सकता है।

# पेट्रोल के लिए अधिकारियों ने सुबह 5 बजे संभाला मोर्चा

## कई पेट्रोल पम्पों पर सुबह पहुंचे टैंकर, अधिकारियों की रात की नींद उड़ी, प्रशासन ने की कल रात के बाद आज सुबह से भी मशक्कत, खाद्य नियंत्रक को अफरा-तफरी के बाद भी नहीं मालूम थे हालात

## आज सुबह से अधिकारी करते रहे तेजी से वितरण कराने में मशक्कत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**पेट्रोल डीजल के संकट की अफवाह ऐसी उड़ी कि अधिकारियों की रात की नींद उड़ गई। स्थिति को काबू में लाने के लिए जिला प्रशासन मशक्कत करता रहा। जिला खाद्य नियंत्रक को तो पूरा घटनाक्रम चलने तक यह भी नहीं मालूम था कि हालत क्या है।**






अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के युद्ध के चलते हुए कल अचानक ही पूरे प्रदेश में पेट्रोल-डीजल का संकट होने की अफवाह फैल गई। इस अफवाह से हमारा अपना शहर इंदौर भी अछूता नहीं था। इसका परिणाम हुआ कि लोग अपनी गाड़ियां लेकर पेट्रोल पंप पर फुल टैंक करवाने के लिए पहुंच गए। पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भीड़ लग गई। इतनी लंबी लाइन लगी थी कि यह समझ में ही नहीं आ रहा था कि क्या हुआ और कैसे हुआ। जो लोग हमेशा गाड़ी में 100 या 50 रु. का पेट्रोल डलवाते थे वह भी अपनी गाड़ी को फुल टैंक करवाने में लगे थे।

जब एक साथ हर पेट्रोल पंप पर सैकड़ो लोगों की भीड़ पेट्रोल डीजल लेने के लिए लग जाएगी तो व्यवस्था का चरमरा जाना स्वाभाविक है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने हर मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग किया और जनता तक यह संदेश पहुंचाने की कोशिश की की पेनिक होने की कोई जरूरत नहीं है। इंदौर में पेट्रोल डीजल का भरपूर स्टॉक है और सभी को आसानी से पेट्रोल डीजल मिल जाएगा।

सोशल मीडिया के प्लेटफार्म व्हाट्सएप पर कलेक्टर ने अपना खुद का बयान जारी किया और लोगों से नहीं घबराने की अपील की। इसके साथ ही महापौर पुष्यमित्र भार्गव और शहर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भी वीडियो जारी कर लोगों से कहा कि चिंता मत करो। यह सब कुछ होने तक तो हालत बहुत ज्यादा बिगड़ चुके थे। पेट्रोल पंप पर लाइन में लगे लोग यह मानने को तैयार नहीं थे कि हालात सामान्य है। ऐसी स्थिति में हालात पर नियंत्रण पाने की कोशिश की जाने लगी। अधिकारियों की रात की नींद उड़ गई।

एक तरफ जहां एक बदलती स्थिति की रिपोर्ट भोपाल दी जा रही थी तो वहीं दूसरी तरफ शहर में भी स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए कोशिश की जा रही थी। बहुत से पेट्रोल पंप जो रात को 11 बजे बंद हो जाते हैं उनको चालू रखा गया था ताकि लोगों में यह भरोसा जागे कि चिंता की कोई बात नहीं है।

### वीडियो हो गए वायरल

पेट्रोल पंप पर लंबी कतारों के वीडियो सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर तेजी से दौड़ने लगे। इसके साथ ही कुछ पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए गए लोगों के बीच विवाद होने और मारपीट होने के वीडियो भी वायरल होने लगे। रामबाग के पुलिस पेट्रोल पंप पर डब्बे में पेट्रोल दिए जाने के वीडियो भी खूब चलने लगे। कोई भी यह समझ ही नहीं पा रहा था कि यह समस्या कहां से और कैसे पैदा हो गई।

### अब आज पर नजर

इस स्थिति के बीच जिला प्रशासन के द्वारा अब आज सभी पेट्रोल पंप पर पूरी नजर रखी जाएगी। प्रशासन का मकसद है कि कहीं भी जरा सा भी पैनिक पैदा नहीं होना चाहिए। शहर में सभी अखबारों ने भी आज सुबह यह समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है खूब पेट्रोल है। प्रशासन को उम्मीद है कि अब आज से पेट्रोल पंप पर लगी हुई कतार गायब हो जाएगी।

### कल रात पम्प के समीप लगे जाम

कल रात अचानक लोग पेट्रोल पम्प पर पहुंच गए और कतारे लग गई। इससे पेट्रोल पम्प के समीप से जाने वाले रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो गई थी। कुछ जगह वाहन आगे-पीछे करने और वाहन टकराने पर आपस में लोगों की कहासुनी भी हुई, विवाद की स्थिति भी पैदा हुई।

### पंप खोलने के पहले ही लग गई भीड़

आज सुबह बहुत सारे पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने की इच्छुक नागरिकों की भीड़ लग गई। यह भीड़ पेट्रोल पंप खोलने के पहले ही लग गई। लोग अपनी इच्छा से ही व्यवस्थित लाइन बनकर खड़े हो गए ताकि जैसे ही पेट्रोल पंप खुले वैसे ही सबसे पहले उन्हें पेट्रोल मिल जाएं। एक तरफ गैस के संकट के हालात की चर्चा है तो दूसरी तरफ पेट्रोल डीजल का संकट पैदा हो जाने की आशंका सर चढ़कर बोल रही है।

### सुबह 5 बजे से सड़क पर आ गए अधिकारी

इस स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारी आज सुबह 5 बजे से ही सड़क पर आ गए थे। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आज सुबह 6 बजे से मांगलिया स्थित एचपीसीएल, भारत पेट्रोलियम एवं इंडियन ऑयल के डिपो पर टैंकरों में ईंधन भरने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। सुबह 8 बजे तक मांगलिया डिपो से हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 25 टैंकर लारियां, भारत पेट्रोलियम की 17 तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की 19 टैंकर लारियां विभिन्न पेट्रोल पंपों के लिए रवाना कर दी गई। जिला प्रशासन की टीम सुबह 5 बजे से ही सक्रिय होकर मांगलिया डिपो तथा फील्ड के पेट्रोल पंपों का सतत निरीक्षण कर रही है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।





### कई पेट्रोल पम्पों पर टैंकर पहुंचे

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आज डीपो से ज्यादातर पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल और डीजल के टैंक पहुंचना शुरू हो गए थे। सूत्रों का कहना है कि रात से ही यह डीजल-पेट्रोल के टैंकर डीपो से अलग-अलग पम्पों के लिए रवाना कर दिए थे। कई जगह आज सुबह टैंक खाली होते रहे और उस दौरान पेट्रोल पम्प से सप्लाय बंद थी। आज सुबह भी लोग पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल भराने पहुंच गए, इससे भीड़ नजर आई। प्रशासन का दावा है कि दोपहर तक सबकुछ सामान्य हो जाएगा। किसी तरह की कोई किल्लत ना तो पेट्रोल में, ना डीजल में हैं। पूर्व में भी गैस टंकियों को लेकर लोग पेनिक हो गए थे और बाद में हालात को प्रशासन ने सामान्य किया था। भरपूर स्टॉक पेट्रोल और डीजल का डीपो में होने का दावा प्रशासन ने किया है और वह दावा इसलिए सफल होता दिख रहा है कि आज ज्यादातर पेट्रोल पम्पों पर अतिरिक्त पेट्रोल और डीजल भेज दिया गया है।

### अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

इधर प्रशासन ने रात में ही सभी अधिकारियों को पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति के लिए अलर्ट कर दिया था। अधिकारी आज सुबह पेट्रोल की आपूर्ति अपने-अपने क्षेत्रों की करवाते दिखे। कई अधिकारी पेट्रोल पम्पों पर खड़े दिखे। इधर जिला आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारू ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में स्टॉक पेट्रोल-डीजल का मौजूद है, सप्लाय भी पूरी हो रही है। बेवजह पेट्रोल-डीजल का संग्रह ना करें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध प्रशासन कार्रवाई करेगा।






### एम्बुलेंस को भी लाइन में लगना पड़ा

एयरपोर्ट रोड पर बांठिया नर्सिंग होम के समीप सीएम पेट्रो पाइंट पर आज सुबह लगी कतार में एम्बुलेंस भी नजर आई। कल रात से ही इस पम्प पर कतार लगी थी और एरोड्रम पुलिस भी मौके पर मौजूद थी। इधर पिलियाखाल स्थित पेट्रोल पम्प पर मल्हारगंज पुलिस माइक लगाकर लोगों को कहती नजर आई कि अफवाहो पर ध्यान ना दें, भीड़ ना लगाए, पर्याप्त पेट्रोल उपलब्ध है।



# कसेरा बाजार स्कूल में सुन्दरकाण्ड पाठ





## अध्यापकों ने की शिरकत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 में राम हूरकट की टीम ने भगवान राम और हनुमानजी की भक्ति में सुन्दरकाण्ड पाठ की प्रस्तुति कीर्तन के साथ दी। चार घंटे से अधिक समय तक पाठ और कीर्तन व महाआरती का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में अध्यापकों ने इस धार्मिक आयोजन में कल मंगलवार को शिरकत की। संस्था पदाधिकारी, प्राचार्य, उपप्राचार्य, इंचार्ज सहित अन्य मौजूद थे।



# कालका माता मंदिर पर लगा खिचड़ी प्रसाद का भोग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के मध्य लोधीपुरा स्थित कालका माता मंदिर पर माँ सिद्धिदात्री और माँ शीतला माता के दर्शन हेतु श्रद्धालु पहुंचे। पूर्व पार्षद सोनू राठौर ने बताया कि माता को खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाया गया और आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। फूलों और विद्युत सज्जा भी की गई थी। आयोजन से सोनू राठौर, नाना नागर, राजू सोनी, यश राय, बृजेश सोनी, अजय भामा, दिनेश पंडित, हेमा पंजवानी सहित अन्य जुड़े रहे।

# किसानों को बनाया जाए शेयर होल्डर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर और भारतीय किसान संघ के संयुक्त तत्वावधान में 'भूमि अधिग्रहण कानून' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कई मुद्दों पर चर्चा हुई और कहा गया कि भूमि अधिग्रहण कानून में किसानों को प्रोजेक्ट का शेयर होल्डर बनाया जाए। भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों को भी रेखांकित किया। इस बात पर जोर दिया कि विकास के नाम पर कृषि योग्य उपजाऊ भूमि का अधिग्रहण नहीं होना चाहिए। प्रमोद चौधरी, दिनेश दत्तात्रेय कुलकर्णी, महेश चौधरी, राजेन्द्र पालीवाल, लक्ष्मीनारायण पटेल, रमेश दांगी, कमलसिंह आंजना, अतुल माहेश्वरी, दिनेश शर्मा, भारतसिंह बेस ने अपनी भूमिका निभाई।



## स्काउट गाइड कार्यालय में पाठ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारत स्काउट गाइड जिला संघ ने सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया। पाठ के साथ कीर्तन भी किया गया, आरती भी हुई।



# 300 लोगों ने लिया अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वार्ड 74 को कोचिंग संस्थान में अग्नि सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। 300 से अधिक विद्यार्थी, अध्यापक और स्टाफ ने इस प्रशिक्षण को जाना। आग लगने पर आपदा के दौरान कैसे सतर्कता रखी जाए, सूझबूझ से काम किया जाए, भवन से सुरक्षित बाहर निकलने के तरीके भी बताए गए।

# 111 मेधावियों का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



महादेवी पुस्तकालय में 111 प्रतिभाशाली विभूतियों के सम्मान का आयोजन किया गया। सभी के भोजन की व्यवस्था भी की गई और गीतों की प्रस्तुति गायकों डॉ. किशोर राठौड़, अनिल सोलंकी, सुनील कुमार वर्मा मुसाफिर, दूर्वा शर्मा, रवि शर्मा, सूर्यकांत विश्वकर्मा राऊ, वीरेंद्र सिंह राजावत राऊ, श्रीकांत अन्वेकर ने दी। डॉ. मनीष सोनी, जितेन्द्र शिवहरे, सुनील वर्मा, जितेंद्र राज, मनोहरलाल सोनी, माजीदा खान, दिनेश शर्मा, एलएन पुरोहित, राजू गजभिए, विनोद विभ्रम, सुनील चौहान, राहुल मिश्रा, जितेंद्र यादव, अमरदीप पाटोदी, मुकेश पारे, अनिल वक्तै, मेरी अब्राहम, वीणा चौबे, राधारानी तिवारी, सहित अन्य मौजूद थे।

# शंकराचार्य का वर्धंती महोत्सव मनाया



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंदजी भारती महाराज के सान्निध्य में शृंगेरी शंकराचार्य जगद्गुरु श्रीश्री भारतीतीर्थ महाराज का 76वां वर्धंती महोत्सव मनाया गया। चारों वेदों के मंगल मंत्र गूंजे, दिनभर चले कार्यक्रम का शाम को महाआरती के साथ समापन हुआ। माँ शारदा की पूजा की गई। वैद पारायण किया गया, नवचंडी महायज्ञ और आयुष्य सुक्तों का सस्वर पाठ भी संपन्न हुआ। रामचन्द्र शर्मा वैदिक, प्रशांत अग्निहोत्री, विनोद सिंघल, सीए मोहित शर्मा, आशुतोष ठक्कर, सोमेन्द्र शर्मा की मौजूदगी में जगद्गुरु शंकराचार्य की महाआरती की गई।



## मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों का सिलेक्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मार्शल आर्ट अकेडमी के खिलाड़ियों का मार्शल आर्ट में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए सिलेक्शन हुआ। इन बच्चों का सम्मान किया गया। महेश पुरोहित, नेवेध हार्डिया, कुणाल कश्यप, प्रत्यक्ष पुरोहित, मोहिनी प्रजापत, सृष्टि तिवारी, सिद्धि कुलकर्णी के नाम है। इन बच्चों के नेशनल खेल प्रतियोगिता में चयनित होने पर राहुल व्यास, कपिल तिवारी, गौरव जामदार, संजय गोयल, निकुंज गोयल, मनोज सौदे पहलवान, अनोखी सिलावट, कपिल गोचर, कोच महेश पुरोहित ने बधाई दी।

# बिजली कम्पनी ने उगाई के लिए लगाए 10 हजार क्रमिक

## आठ लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं से सात दिन में बकाया राशि वसूलने का लक्ष्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह मार्च में मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र कंपनी के कार्मिक राजस्व संग्रहण लक्ष्य पूर्ति के लिए अधिकतम प्रयास कर रहे हैं। मार्च के अंतिम सात दिनों में 25 से लेकर 31 मार्च तक कंपनी के इंदौर, उज्जैन, रतलाम समेत सभी 15 जिलों के लगभग दस हजार कार्मिक राजस्व संग्रहण को लेकर दायित्व निर्वहन करेंगे। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने सभी 15 जिलों के अधीक्षण यंत्रियों को लक्ष्यपूर्ति के लिए पूर जोर मेहनत कर परिणाम लाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में मार्च के अंतिम सात दिनों में कम से कम 10 लाख बकायादारों से संपर्क किया जाएगा। सात दिनों में कम से कम 8 लाख बकायादारों से राजस्व संग्रहण का लक्ष्य रखा गया हैं। कंपनी क्षेत्र के इंदौर जिले के 66 जोन, वितरण केंद्र से संबद्ध करीब 1200 कार्मिक राजस्व संग्रहण के लिए भूमिका निभाएंगे। इसी तरह अन्य जिलों में भी 200 से लेकर 800 कर्मचारी राजस्व संग्रहण के लिए जुटेंगे। इनमें इंजीनियर, परीक्षण सहायक,लाइनमैन,ऑपरेटर, कार्यालय सहायक, कॉल सेंटर कर्मचारी, ग्रिडों के कर्मचारी व अन्य पदों पर कार्यरत कार्मिक शामिल हैं। बकायादारों से फोन से भी संपर्क किया जा रहा है, वैधानिक कार्रवाई की बात भी की जा रही है, सरचार्ज की छूट भी बताई जा रही है।



# 20 दिवसीय धार्मिक यात्रा पर 50 भक्त रवाना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छत्रीबाग जनसेवा समिति से जुड़े 50 भक्तों का समूह अयोध्या, काठमांडू, गंगा सागर एवं जगन्नाथपुरी की 20 दिवसीय धार्मिक यात्रा पर बस द्वारा प्रस्थित हुआ। हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, रमेश मोटवानी, अनंत सोनवने, मनोज तारे, सुरेन्द्र सिंह तोमर, पवन राठौर एवं महेंद्र सिंह गौड़ ने इन यात्रियों को रवाना किया।

# फ़लाहारी प्रसाद का वितरण होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मां मनसा देवी भगवती कृपा ग्रुप द्वारा सियागंज रामप्याऊ चौराहा मंदिर परिसर के बाहर रामनवमी 27 मार्च को फरियाली प्रसाद का वितरण होगा। कैलाश चंद श्रीवास्तव, हरीश राठौर लड्डू बाबा ने उक्त जानकारी दी।

# निशुल्क शिक्षा केंद्र का शुभारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बंगाली चौराहा के पास स्थित चौहान नगर कॉलोनी में पुष्पा पिसोलकर पारमार्थिक फाउंडेशन ने




निशुल्क शैक्षणिक संस्था का शुभारम्भ किया। ज़्योति-प्रतिभा श्रीवास्तव, आर के काबरा, अंजना गौरानी, अनिल गौरानी, अश्विनी देखणे, एसएन काबरा मौजूद थे। संकल्प लिया गया कि शहर में और भी ट्रस्ट द्वारा निशुल्क शिक्षा केन्द्र जल्द खोले जाएंगे।

# सिद्ध हनुमान मंदिर पर शुरू हुई रामकथा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री सिद्ध हनुमान मंदिर हुजूरगंज में श्रीराम कथा शुरू हुई। कथा के पूर्व श्रद्धालुओं के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शैलेन्द्र तिवारी के श्रीमुख से कथा का रसपान शुरू हुआ जो नौ दिनों तक यह कथा दोपहर 3 से 6 बजे तक चलेगी। सुमित अवस्थी,गोविंद अवस्थी सोनू नामदेव आकाश तोडे ने व्यासपीठ का पूजन किया।

# मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 1008 सभंवनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय,सैटेलाईट जंक्शन में मनाया गया। निर्वाण लाडू चढ़ाए। महेन्द्र जैन ने उक्त जानकारी दी।

# सिंधी समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान होगा, 10 लेपटॉप भी दिए जाएंगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पूज्य जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत द्वारा सिंधी समाज के मेधावी छात्रों के सम्मान का आयोजन 29 मार्च रविवार को सुबह 11.30 बजे से पलसीकर कालोनी स्थित पंचायत भवन पर किया जाएगा। सरपंच राजा मांधवानी, जयकुमार परियानी, दीपचंद चावला, कमल कस्तूरी ने बताया कि सिंधी समाज के पंचायत के सदस्यों के परिवार के मेधावी छात्रों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अतिथि पुलिस अधिकारी श्रीकृष्ण लालचंदानी और स्वास्थ्य विभाग के डॉ. माधव हसानी होंगे। सिंधी समाज के 10 मेधावी छात्रों को लेपटॉप दिए जाएंगे और उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया जाएगा। आयोजन से मनोहर नागपाल, पंकज वाधवानी, गिरधारीलाल गुरेजा, अजीत वाधवानी, निमोश तलरेजा भी जुड़े हुए हैं।

# सामूहिक विवाह के निमंत्रण का लोकार्पण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विश्व ब्राह्मण समाज संघ से जुडे शिव जिंदल, राजेश गर्ग, राजेश बंसल, विनोद गोयल ने बताया कि घर जैसी शादी का सामूहिक विवाह आयोजन 23 अप्रैल को बाबाश्री रिसोर्ट पर आयोजित होगा। 14 जोडों का पंजीयन हो चुका है। मंदिरों के पुजारी, अग्रवाल वैश्य विप्र बंधु इस सामूहिक विवाह के लिए



भागीदार बने हुए है। तैयारियां शुरू हो चुकी है। आयोजन को लेकर बैठक में विवाह आमंत्रण पत्र का लोकार्पण किया गया। दूल्हा-दुल्हन के शूट और अन्य सामग्री को लेकर भी निर्धारण किया गया। दूल्हा-दुल्हन से कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। 11 समितियों का गठन किया गया है।

# गीता भवन में राम दरबार का विशेष श्रृंगार होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गीता भवन पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत गत 19 मार्च से चल रहे श्री दुर्गा सप्तशती पाठ और नवान्ह पारायण की पूर्णाहुति यज्ञ हवन के साथ शुक्रवार 27 मार्च को श्री रामनवमी उत्सव के दौरान सुबह 10 बजे होगी। अध्यक्ष राम ऐरन ने बताया कि राम नवमी पर दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव की आरती होगी। राम दरबार का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

# सम्मान समारोह के साथ प्रदर्शनी आज शाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वेस्ट से आर्ट टैलेंट से पहचान के अन्तर्गत आज टैलेंट प्रदर्शनी का आयोजन शाम 4 बजे गांधी हाल में किया जाएगा। सम्मान समारोह भी होगा। आज की चयनित कलाकृतियों को कल प्रदर्शित किया जाएगा। आज प्रदर्शनी अवलोकन के लिए खुली है।

# पत्रकार दल ने सोयाबीन अनुसंधान का किया भ्रमण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

छतीसगढ़ के पत्रकारों का दल भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान में पहुंचा। इस दल ने कृषि तकनीक, उन्नत बीज अनुसंधान और सोयाबीन उत्पादन के क्षेत्र में हो रहे आधुनिक नवाचारों को देखा और समझा। वैज्ञानिक बी.यू. दुपारे, डॉ. कुंवर हरेंद्र सिंह ने मीडिया दल का स्वागत किया। उन्होंने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के




माध्यम से संस्थान के गौरवशाली इतिहास और देश की अर्थव्यवस्था में सोयाबीन के महत्व पर प्रकाश डाला। मीडिया दल को प्लांट और प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया। दुपारे ने बताया कि कैसे यह संस्थान किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य के साथ नई किस्मों पर निरंतर शोध कर रहा है।



# मां गायत्री के भक्तों ने दी यज्ञ में आहुतियां

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

गायत्री शक्तिपीठ, केसरबाग में रोजाना सुबह 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व संस्कार के आयोजन में शिरकत कर यज्ञ में आहुति दी जा रही है। सजल तिवारी ने बताया कि रोजाना सवा लाख मंत्र के साथ आहुतियां दी जा रही है। करूणा अग्रवाल, गरिमा रोकड़े, कविता राव, पूनम त्रिपाठी, अशोक उपाध्याय, कैलाश वर्मा, सुलभा क्षीरसागर, नम्रता तिवारी, आरती सोलंकी ने अपनी भूमिका निभाई।

# 'वाटर एंड जेंडर' विषय पर रखे अपने विचार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

द इंस्टिट्यूट ऑफ इंजिनियर्स द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में 'वॉटर एंड जेंडर' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई,जिसमें जल विशेषज्ञों द्वारा अपने विचार रखे गए। सेमिनार में मुकेश कुमार चौहान, अनिल खंडेलवाल,सुनील के. सोमानी ने जल संचय सहित जल जीवन मिशन और जल संधारण संबंधी कई विषयों पर आने वाले भविष्य में गंभीरता से



किये जाने वाले कार्यो पर प्रकाश डाला। इस दौरान शिल्पा त्रिपाठी,अतुल सेठ, रेखा पारुलकर , सुनील कुमार अहिरवार सहित अन्य मौजूद थे।



# भोजपुरिया समाजजनों ने मनाया छठ पर्व

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भोजपुरिया वेलफेयर सोसाइटी ने कल नवरात्रि की छठ पर चैत्र छठ महापर्व मनाया। वेंकटेश नगर एक्सटेंशन में शाम भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। दीपक सिंह, गुड्डू सिंह, बटेश्वरनाथ सिंह, विनोदसिंह बेस, केशव सिंह, नन्दलाल सिंह, हरेन्द्र सिंह, महेन्द्र जैन, आलोक सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# रतलाम मंडल इंदौर के यात्रियों के लिए स्टेशन पर करेगा खान-पान स्टॉल की सुविधा में विस्तार

## इंदौर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4-5 और 6 पर यात्रियों को मिलेंगी कुछ और नए स्टॉल की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत इंदौर सहित आधा दर्जन स्टेशनों पर आने वाले दिनों में रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसर में खान-पान के स्टालों की संख्या में विस्तार किया जा रहा है। जिसके तहत अगले कुछ माह में इंदौर रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्म पर रेलवे द्वारा कुछ नए खान - पान के स्टॉल शुरू किए जाएंगे। जिनमें गर्मी के मौसम के हिसाब से स्टेशन के बीच के हिस्से के साथ लास्ट के हिस्से में अंतिम छोर से पहले प्लेटफॉर्म पर जल्द अगले डेढ़ से दो माह में टेंडर संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद नए स्टॉल शुरू करवाने की तैयारी है। जिसके लिए रेलवे ने निविदा संबधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसको लेकर रेलवे वाणिज्य विभाग ने अपनी ओर से विभागीय तैयारियां भी शुरू कर दी है।



रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार के मुताबिक इंदौर के मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 के खंबा संख्या 22 और 23 के पास एक नए स्टॉल की सुविधा आने वाले दिनों में अगले कुछ माह में जल्द यात्रियों को मिलने वाली है। इसके अलावा पार्क रोड़ स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 5 और 6 पर भी खान - पान के कुछ और नए स्टॉल शुरू करने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार के मुताबिक रतलाम मंडल के इंदौर , देवास , नागदा, मंदसौर, नीमच और चंदेरिया जैसे स्टेशन पर आने वाले दिनों में दूध चाय के अलावा गर्मी के सीजन को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए दूध , कोल्डड्रिंक,छाछ, और लस्सी सहित रेलवे लिस्ट के अनुसार अन्य खान - पीन की वस्तुएं रखने वाले नवीन स्टॉल लगवाएगा। जिसके लिए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने निविदा संबधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके बाद आने वाले दिनों में बेहद जल्द अगले एक से डेढ़ माह माह में इंदौर के मुख्य स्टेशन के साथ पार्क रोड़ स्टेशन के यात्रियों के लिए नए स्टॉल की सुविधा मिलेगी।

# असिस्टेंट टाउन प्लानर के 39 पदों पर भर्ती के आवेदन बंद

## अब लगेगी 3 हज़ार लेट फीस

### ज्यादा देरी की तो देना होंगे 25 हजार रुपए

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एमपी पीएससी द्वारा लंबे इंतजार के बाद निकाली गई असिस्टेंट टाउन प्लानर की 39 पदों की भर्ती के आवेदन बंद हो गए हैं। अब 3 हज़ार और फिर हफ्तेभर बाद 25 हजार रुपए लेट फीस लगेगी।

परीक्षा की तारीख भी तय कर दी गई है। यह 20 सितंबर को होगी। रिजल्ट आने के बाद इंटरव्यू होंगे। इंटरव्यू में पदों से पांच गुना अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा। इसी साल अंत में इंटरव्यू होने की संभावना है।इस बार इंटरव्यू 100 अंकों का होगा। अभ्यर्थी को 20 फरवरी से 19 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन का अवसर दिया गया था।

**अब 26 तक मौका, 3 हज़ार लेट फीस के साथ-** अब 26 मार्च तक आवेदन करने पर 3 हजार व उसके बाद 25 हजार रुपए लेट फीस लगेगी। आयु गणना 1 जनवरी 2027 से होगी। पीएससी ने पिछले माह ही इस परीक्षा का विस्तृत विज्ञापन जारी किया था। इस परीक्षा में 34 पद मुख्य भाग यानी 87 फीसदी हिस्से में रहेंगे। प्रावधिक भाग यानी 13 प्रतिशत हिस्से में 5 पद रहेंगे। यह पद होल्ड पर रहेंगे। संभावना है कि परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद पद बढ़ाए जा सकते हैं।

**इंदौर भोपाल में बनेंगे सेंटर-** इस परीक्षा के लिए पीएससी प्रदेश में इंदौर, भोपाल सहित अन्य जिलों में एग्जाम सेंटर बनाए जाएंगे।पीएससी इस साल अंत तक 10 से ज्यादा और परीक्षाओं के विज्ञापन भी जारी करेगा। इसमें तीन से चार ऐसी परीक्षाओं पर भी विचार चल रहा है, जिनके विज्ञापन सालों बाद आएंगे। इस बार डेंटल सर्जन, असिस्टेंट डायरेक्टर एग्रीकल्चर, वैज्ञानिक अधिकारी, फूड सेफ्टी ऑफिसर सहित कई अन्य परीक्षाओं के विज्ञापन जारी हो सकते हैं। शासन इस बार अलग-अलग परीक्षाओं पर विचार कर रहा है। जिनकी डिमांड ज्यादा है। इस साल अंत तक एक बार फिर मेडिकल ऑफिसर परीक्षा का भी नया विज्ञापन जारी कर सकता है। पीएससी का कहना है कि शासन की तरफ से जिन भी विभागों के पद दिए जा रहे हैं, उनके हिसाब से विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं। इधर, स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम 22 मार्च को होगी। आयोग की सबसे बड़ी एग्जाम राज्य व वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को होने वाली है। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा तीन शिफ्ट में 12 जुलाई, 2 अगस्त व 30 अगस्त को होगी। 2026 की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 7 से 12 सितंबर के बीच होगी। वन सेवा मुख्य परीक्षा 27 सितंबर को होगी। जो भी नई परीक्षाएं तय होंगी, उनकी एग्जाम तारीखें और बाकी शर्तें विज्ञापन के साथ ही जारी होंगी।

# डेंटल हॉस्पिटल में पिछले साल नई बिल्डिंग तैयार होने के बाद अब बाहरी हिस्से को संवारने की बारी

## आकर्षक ब्लॉक लगाकर हो रहा बाहरी हिस्से का सौंदर्यकरण

***इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।*** *एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत डेंटल हॉस्पिटल संस्था में पिछले साल प्रबंधन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से दो नवीन बिल्डिंग तैयार करने के बाद अब दंत चिकित्सालय के बाहरी हिस्से में सजावट और सौंदर्यकरण को लेकर कार्य शुरू किया है। जिसके तहत डेंटल हॉस्पिटल के बाहरी हिस्से में पार्किंग और आसपास के संपूर्ण एरिया में प्रबंधन द्वारा पुराने ब्लॉक उखाड़ कर संपूर्ण परिसर में नए आकर्षक डिजाइन वाले ब्लॉक लगाने का काम तेजी के साथ किया जा रहा है। जिससे बेहतर पार्किंग व्यवस्था के साथ लोगों को यहां आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसको लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा यहां बाहरी परिसर के बड़े हिस्से को सजाने - संवारने को लेकर कार्य किया जा रहा है।*





## अब बारिश में कीचड़ के बीच नहीं करना पड़ेगी गाड़ियां पार्क

*यही नहीं बड़ी बात यह है कि अब आने वाले दिनों में बारिश के सीजन में अस्पताल प्रबंधन के स्टाफ और आने वाले आगंतुकों को कीचड़ के बीच अपनी गाड़ियां पार्क नहीं करना पड़ेगी। एमजीएम मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा शासकीय डेंटल कॉलेज परिसर के पार्किंग वाले एरिया में नए आकर्षक ब्लॉक लगाकर फुटपाथ तैयार करने का काम तेजी के साथ किया जा रहा है ताकि बारिश के दिनों में यहां गाड़ियां खड़ी करने और लोगों को यहां खड़े रहने में दिक्कत ना आए।*

# नववर्ष के शुभारंभ पर ओखला में देवकीनंदन ठाकुर की रामकथा के लिए हुआ ध्वजा पूजन



अखंडधाम के 50 वर्ष पूर्ण होने पर अगले माह 22 से 28 अप्रैल तक होगी ओखला में कथा

**इंदौर।** नव वर्ष के शुभारंभ पर अखिलेश्वर धाम ओखला में रामचरितमानस अखंड पाठ को 50 वर्ष पूर्ण होने पर रामकथा के लिए पूजन किया गया। पुजारी गिरीश पुरोहित ने बताया अगले माह अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित देवकीनंदन ठाकुर वृंदावन वालों के मुखारविंद से 22 से 28 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन ओखला के हनुमान मंदिर में रामकथा का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए ध्वजारोहण और भूमि पूजन का श्री गणेश कल नव वर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर अखिलेश्वर धाम ओखला में किया गया। इस अवसर पर अखिलेश्वर धाम के मुख्य पुजारी सुभाष प्रसाद पुरोहित, पंडित गिरीश पुरोहित, हर्ष शर्मा सहित अन्य ग्रामीण रहवासी एवं भक्तों द्वारा धवाजारोहण कर कथा के लिए भूमिपूजन किया गया।

# दुर्गा नगर में शिशु वाटिका के पास की मुख्य रोड के साथ आधा दर्जन गलियों में बनेंगी 50 लाख की लागत से सड़कें

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा एक के वार्ड क्रमांक 12 के अंतर्गत दुर्गा नगर स्थित शीशु वाटिका और आसपास की आधा दर्जन से ज्यादा गलियों में लंबे समय के बाद नई सीमेंट सड़कों का निर्माण कार्य शुरू होगा। जिसके तहत मुख्य मार्ग की लंबी चौड़ी सड़क के साथ आसपास की गली नंबर 1 से लेकर 7 तक सभी गलियों में आने वाले दिनों में बेहद जल्द बारिश से पहले सीमेंट सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। निगम अधिकारियों के मुताबिक 51 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से वार्ड 12 के अंतर्गत दुर्गा नगर और आसपास के क्षेत्र में आधा दर्जन से ज्यादा गलियों में लंबे समय के बाद क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर नई सीमेंटेड सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा।

**पानी की निकासी की लाइनें डालने के कारण बिगड़ी थी सड़कों की सूरत-** वही खास बात यह है कि दुर्गा नगर क्षेत्र और शिशु वाटिका के आसपास पानी की निकासी की लाइन और नर्मदा लाइन के कारण गालियों के भीतर की सड़क बार-बार की खुदाई से पूरी तरह से खराब हो चुकी थी। जिनके पुनः निर्माण के लिए लंबे समय से क्षेत्र के रहवासियों द्वारा मांग की जा रही थी। वही अब जाकर करीब आधा दर्जन गलियों की सड़कों के निर्माण और सुधार कार्य को लेकर आने वाले दिनों में निगम यहां काम शुरू करेगा। यही नहीं प्रयास करेंगे की बारिश से पहले ज्यादातर गलियों में सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो जाए।

## संपादकीय

### 'हरित दिल्ली' का ब्लूप्रिंट: दिल्ली के बजट में भविष्य की बुनियाद आज के लाभ कम दिखे

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए कहा कि यह हरित बजट है। इस बार दिल्ली के बजट में विकास की संतुलित तस्वीर नजर आती है। इसमें भले ही राष्ट्रीय राजधानी के बाशिंदों को तात्कालिक लाभ वाली घोषणाओं की कमी महसूस हो, लेकिन भविष्य की उम्मीदों को लेकर प्रतिबद्धता साफ दिखती है, जिसमें प्रदूषण जैसे गंभीर मसले की चिंता भी शामिल है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कुल बजट का इक्कीस फीसद हिस्सा पर्यावरण संरक्षण पहल के लिए रखा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए कहा कि यह हरित बजट है। इसमें दोराय नहीं कि सरकार की नीतियों में जनसरोकार की भावना दिखनी चाहिए। इस दृष्टि से देखें, तो सरकार ने इसका विशेष ध्यान रखा है और शिक्षा क्षेत्र के साथ जनस्वास्थ्य सेवाओं को भी प्राथमिकता दी है। शिक्षा पर कुल बजट का अठारह फीसद खर्च करने का निर्णय निस्संदेह सराहनीय कदम है। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तेरह हजार करोड़ से अधिक राशि आबंटित किए जाने से उम्मीद की जा सकती है कि सरकारी अस्पतालों की दशा और दिशा बदलेगी। बजट में नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं देने का संतुलित प्रयास किया गया है। युवा पीढ़ी भविष्य में दिल्ली की जो नई तस्वीर देखना चाहती है, सरकार उसी दिशा में कदम बढ़ाती दिख रही है। आने वाले वर्षों में यहां सार्वजनिक परिवहन का नया रूप सामने होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि वर्ष 2029 तक पूरे परिवहन बेड़े को इलेक्ट्रिक बसों में बदला जाएगा। इसी के साथ दिल्ली की सड़कों की दशा सुधारने की इच्छाशक्ति भी सरकार ने दिखाई है। शहरी विकास के साथ धूलमुक्त सड़कें बनाने के लिए अलग से राशि का आबंटन किया गया है। नई सेमीकंडक्टर नीति की घोषणा से उम्मीद जगी है कि राजधानी में नवउद्यम समेत बुनियादी औद्योगिक ढांचे का सतत विकास होगा। इसके अलावा अटल कैंटीन से जुड़े विश्राम स्थल बनाने की घोषणा से अस्थायी कर्मचारियों को रोजमर्रा की कठिनाइयों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। कुल मिलाकर यह बजट विकासोन्मुख माना जा रहा है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब बजट घोषणाओं पर पूरी तरह अमल किया जाएगा।

# लॉजिस्टिक्स कंपनी में फर्जी दस्तावेजों से लाखों की धोखाधड़ी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित एक प्रतिष्ठित लॉजिस्टिक्स कंपनी के साथ साजिशपूर्वक धोखाधड़ी और जालसाजी का बड़ा मामला सामने आया है। कंपनी के ही एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान पहुँचाया। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, एमआरसी लॉजिस्टिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ग्राम तलावली चांदा, पंचवटी में यह धोखाधड़ी लंबे समय से चल रही थी। कंपनी के कर्मचारी कुलदीप सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अन्य साथियों विनय काशीनाथ चौहान, सचिन सोनी, रेनू कुमारी और अमित शर्मा के साथ मिलकर एक योजनाबद्ध तरीके से जालसाजी की।

### फर्जी फर्म और कूटरचित दस्तावेजों का खेल

जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने विभिन्न फर्जी फर्मों के नाम पर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए थे। इन दस्तावेजों के आधार पर कंपनी के ट्रांजेक्शन में हेरफेर कर अनैतिक लाभ अर्जित किया गया। इस पूरी साजिश के कारण कंपनी को लाखों रुपये का वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा है। मामले में पीड़ित राजीव आर्य की शिकायत पर लसूड़िया पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार यह एक संगठित धोखाधड़ी का मामला प्रतीत होता है। पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों और कंपनी के रिकॉर्ड्स की जांच कर रही है ताकि धोखाधड़ी की कुल राशि का सटीक आकलन किया जा सके।

## कार वॉश संचालक से 'हफ्ता' वसूली की कोशिश

### रुपये देने से मना किया तो तीन बदमाशों ने जमकर पीटा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में गुंडागर्दी और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। एक कार वॉश संचालक द्वारा हफ्ता देने से इनकार करने पर तीन बदमाशों ने दुकान में घुसकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, लाला का बगीचा निवासी प्रतीक निहोरे अपनी कार वॉश की दुकान पर काम कर रहा था। इसी दौरान आरोपी ऋषि मिमरोट अपने दो साथियों यश यादव और मोनू के साथ वहां पहुँचा। आरोपियों ने प्रतीक पर धौंस जमाते हुए कहा कि अगर उसे यहां शांति से दुकान चलानी है, तो उन्हें नियमित रूप से रुपये देने होंगे।जब फरियादी प्रतीक ने रुपये देने से साफ मना कर दिया, तो तीनों आरोपी गाली-गलौज पर उतर आए। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने प्रतीक के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में प्रतीक की कमर में गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से भाग निकले, लेकिन जाते-जाते धमकी दे गए कि अगर अगली बार पैसे नहीं मिले, तो जान से खत्म कर देंगे।तुकोगंज पुलिस ने पीड़ित प्रतीक की शिकायत पर आरोपी ऋषि, यश और मोनू के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## खिड़की की जाली तोड़कर घर में की चोरी

### नकदी व जेवर समेत दस्तावेज ले उड़े बदमाश

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित सिंगापुर टाउनशिप में एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना में नकदी, जेवर और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी अमन शर्मा उम्र 31 साल निवासी एन-385, ग्रीन व्यू प्रीमियम ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी उनके मकान की खिड़की की जाली तोड़कर अंदर घुस गया। खिड़की के पास ही अलमारी की चाबी रखी हुई थी, जिसे लेकर आरोपी ने कमरे में रखी अलमारी और उसके लॉकर को खोल लिया। अलमारी में रखा काले रंग का कमर में बांधने वाला बैग गायब मिला, जिसमें एक सोने की चेन, चार चांदी के सिक्के, एटीएम कार्ड एसबीआई व आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, वाहन का आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी दस्तावेज और नकदी रखी थी। लसूड़िया पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## आउटसोर्स कार्मिकों को न्यूनतम वेतन पर भुगतान करें

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा और सीएमडी एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी को पत्र में आग्रह किया है कि मध्यप्रदेश के बिजली सेक्टर की सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को शासन द्वारा घोषित निर्धारित नया न्यूनतम वेतन, अकुशल श्रमिक को रुपए रुपए 20358/-, अर्धकुशल को 22568/-, कुशल को 24864/- और उच्चकुशल वर्कर्स को 26960/- न्यूनतम वेतन का भुगतान अप्रैल 2026 से ही करने हेतु संबंधित उच्च अधिकारियों को यथोचित आदेश करें। उन्होंने कहा कि इस विषय में फेडरेशन इंदौर के झोनल सचिव एनके यादव ने पत्र प्रेषित कर मांग की है। पाठक ने मुख्यमंत्री, ऊर्जामंत्री, अतिरिक्त मुख्यसचिव ऊर्जा, सीएमडी एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी से अनुरोध किया है कि विद्युत कंपनी में उच्चकुशल कार्मिक की योग्यता रखने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को सिर्फ कुशल कार्मिक का ही वेतन भुगतान हो रहा है, इससे इन कर्मचारियों में असंतोष है, उनकी शैक्षणिक योग्यता और तकनीकी ज्ञान के लाभ का फल उन्हें इस श्रेणी के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन के रूप में नहीं मिल रहा है।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत आज विशेष स्वास्थ्य शिविर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश में संचालित 'संकल्प से समाधान' अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पांच प्रमुख अस्पतालों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में चिन्हित मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

## कलेक्टर ने समस्या सुन किया समाधान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में क़ई नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आमजन से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया, जबकि अन्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इधर हितग्राहियों ने इलाज के लिए सहायता मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार भी जताया।

## एंडोडॉन्टिस्ट डॉ. भारद्वाज ने नेपाल में दिए व्याख्यान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शहर के एंडोडॉन्टिस्ट एवं शिक्षाविद् डॉ. अनुज भारद्वाज ने नेपाल के काठमांडू और बिराटनगर में आयोजित कार्यक्रम में आधुनिक एंडोडॉन्टिक्स, रूट कैनाल उपचार की उन्नत तकनीकों, क्लिनिकल समस्या समाधान एवं माइक्रोस्कोप के उपयोग पर अपने अनुभव साझा किए।

## बाइक पर बीयर की पेटियां लादकर तस्करी कर रहे दो युवक धराए

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मानपुर पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक से बीयर की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में बीयर के कैन और तस्करी में इस्तेमाल मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

मानपुर थाना प्रभारी महेन्द्र मकाश्रे के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि महू की ओर से एक बाइक पर दो युवक बीयर की पेटियां बांधकर धामनोद की तरफ जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जानापाव ब्रिज पर मोर्चा संभाला। जैसे ही संदिग्ध बाइक दिखी, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद टीम ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया।तलाशी लेने पर बजाज कावासाकी बाइक एमपी-11 बीसी-6943 के दोनों ओर और बीच में चालाकी से बांधी गई थैलियों में 'माउंट बीयर' के 10 कार्टन बरामद हुए। इनमें कुल 240 कैन लगभग 120 लीटर बीयर भरी थी, जिसकी बाजार कीमत करीब 27,600 रुपये आंकी गई है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान महेश फुलफगर निवासी डोंगरगांव जिला धार और रितेश भावरे निवासी टेमरिया जिला खरगोन के रूप में हुई है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 147400 | 144300 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 233500 | 236400 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# बैडमिंटन स्पर्धा में ओमिशा, आरिशा, किआरा, आर्य दो-दो वर्गों के फाइनल में

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दूसरी अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा में ओमिशा मेहता और आरिशा जायसवाल ने 13और 15 वर्ष बालिका, आर्य बम ने 15 और 17 वर्ष बालक, किआरा दासगुप्ता ने 9और 11वर्ष बालिका एकल दो-दो फाइनल में जगह बनाई, याशी भुमार्कर 9वर्ष बालिका, मायरा भुमार्कर 11वर्ष बालिका, दिव्या गुर्जर और वैष्णवी मिश्रा 17 वर्ष बालिका के खिताबी मुकाबले में हैं, अदविक सोलंकी और प्रनमय तारे 11वर्ष बालक, अर्णव गौर और आरुष आर्य 13वर्ष बालक,अक्षत सिन्हा 15वर्ष बालक और अनय कृष्ण बिंजु 17 वर्ष बालक एकल के फाइनल में पहुंचे,

अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में हो रही स्पर्धा में 11वर्ष बालक एकल सेमीफाइनल में प्रनमय तारे ने निश्चय कुशवाह को 15-10,15-11 से और अदविक सोलंकी ने जसराज सिंह छाबड़ा को15-11,15-8 से हराया, 13वर्ष बालक एकल के सेमीफाइनल में अर्णव गौर ने अरिंजय कृष्ण बिंजु को 15-7, 15-3 से और आरुष आर्य ने अदविक सोलंकी को 15-9,9-15,15-8 से पराजित किया, 15वर्ष बालिका में ओमिशा



मेहता ने नायशा पुरोहित को 15-9,15-6 से, 13वर्ष बालिका में आरिशा जायसवाल ने मनरीत कौर बग्गा को15-7,15-4 से और ओमिशा मेहता ने आध्या तलाटी को 15-7,15-4 से हराया, 9वर्ष आयु वर्ग में याशी भुमार्कर ने नयोनिका नरवाले को 15-3, 15-3 से और किआरा दासगुप्ता ने काशी कुशवाह को 15-0, 15-2 से पराजित किया, अवयुक्त गुलहाटी ने नयोनिका नरवाले को 15-2,15-4 से हराया,17 वर्ष बालिका वर्ग में वैष्णवी मिश्रा ने नायशा पुरोहित को15-7,15-13 से पराजित किया, दिव्या गुर्जर ने भी अपना मैच जीता, 11वर्ष बालिका में किआरा दासगुप्ता ने आर्या यादव को15-7,15-9 से और मायरा भुमार्कर ने दिवा गुलाटी को15-11,15-8 से हराया,

15वर्ष बालक सेमीफाइनल में आर्य बम ने शिवांश शर्मा को 15-0,15-2 से और अक्षत सिन्हा ने आरुष आर्य को 15-6,15-11 से पराजित किया, सरताज अकादमी के शिवांश शर्मा ने लीग मैच में एरेना के अरिंजय कृष्ण बिंजु को 12-15, 15-10,15-10 से हराकर उलटफेर किया, आरुष आर्य ने भी अरिंजय कृष्ण बिंजु को 13-15,15-7,15-10 से हराया, मृदुल सोनी ने युवराज कल्याणे को15-12,15-11 से पराजित किया, 17 वर्ष बालक सेमीफाइनल में आर्य बम ने आर्जव मरघदे को 15-7,15-5 से और अनय कृष्ण बिंजु ने हार्दिक धुलिये को 15-5,15-10 से हराया, स्पर्धा मुख्य निर्णायक धर्मेश यशलहा ने बताया कि स्पर्धा में तीसरे स्थान के लिए भी मुकाबले होंगे, विजेता और उपविजेता के साथ ही तीसरे स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा, मुकाबले लीग कम नाकआउट आधार पर हो रहे हैं, मैच योनेक्स फेदर शटलकाकस से खेले जा रहे हैं।



## गणगौर माता की विदाई

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** खरगोन और जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में गणगौर का महापर्व मनाया गया। गणगौर माता की विदाई भी बड़ी संख्या में मौजूद मातृशक्तियों के साथ पुरुष ने भी दी। इसर-गौरा के जयकारे भी लगे। महेश्वर के समीप ग्राम बेकदा में भी बड़ा आयोजन गणगौर माता की विदाई और भंडारे का किया गया। मातृशक्तियों सौलह श्रृंगार में पहुंची।

## केकेआर के उपकप्तान बने रिंकू, आईपीएल शुरू होने के पहले मिली बड़ी जिम्मेदारी

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 की 28 मार्च से शुरुआत होने जा रही है। इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन का आगाज होने से पहले रिंकू सिंह की किस्मत चमकी है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 28 वर्षीय बल्लेबाज को अपना उपकप्तान नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को नाइट्स अनप्लग्ड 3.0 इवेंट में इसकी घोषणा की। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे हैं। पिछले सीजन में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद रहाणे को कप्तान बनाए रखा गया है। रिंकू ने साल 2018 में केकेआर की ओर से आईपीएल डेब्यू किया था। वह तब से केकेआर के लिए खेल रहे हैं।



निचले क्रम में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के लिए मशहूर रिंकू ने 59 आईपीएल मैचों में 1099 रन बनाए हैं। उनका औसत 30.52 का और स्ट्राइक रेट 145.17 का है। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने प्री-सीजन इवेंट के दौरान कहा, फ्रैंचाइजी में सभी की तरफ से यह ऐलान करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि रिंकू सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। रिंकू 2018 में केकेआर में शामिल हुए थे और तब से टीम में रेगुलर हैं। वहीं, केकेआर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, गॉड के प्लान का एक नया चैप्टर। यह फैसला तीन बार की चैंपियन केकेआर की दीर्घकालिक नेतृत्व रणनीति की ओर संकेत करता है।

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के रहने वाले रिंकू ने काफी संघर्ष के बाद सफलता की सीढ़ियां चढ़ी हैं। उनका आईपीएल सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है। 2018 में 80 लाख रुपये में खरीदे जाने से लेकर आईपीएल 2025 से पहले 13 करोड़ रुपये में रिटेन किए जाने तक उनका कद लगातार बढ़ा है। आईपीएल 2023 में अंतिम ओवर में लगातार पांच छक्के जड़ने की उनकी ऐतिहासिक पारी ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया और भारतीय टीम में जगह भी दिलाई। वह भारत के लिए दो वनडे और 45 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। रिंकू टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

## इंदौर पिंक पैंथर्स ने वेंकटेश अय्यर को 12.50 लाख में किया रिटेन, सबसे महंगे खिलाड़ी बने

**इंदौर।** मोइरा ग्रुप की फ्रेंचाइजी टीम इंदौर पिंक पैंथर्स ने आगामी मध्यप्रदेश लीग (एमपीएल) 2026 के लिए भारतीय ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को टीम का कप्तान बरकरार रखते हुए 12.50 लाख की सबसे बड़ी राशि पर रिटेन किया है। इस रिटेंशन के साथ वेंकटेश अय्यर इस सीजन के सबसे महंगे खिलाड़ी भी बन गए हैं। इस वर्ष एमपीएल 2026 का आयोजन इंदौर में होने जा रहा है, जिससे शहर के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए इंदौर पिंक पैंथर्स इस बार खिताब जीतने के मजबूत इरादे के साथ मैदान में उतरेगी। इस अवसर पर वेंकटेश अय्यर ने कहा, इंदौर पिंक पैंथर्स के साथ एक और सीजन के लिए जुड़ना और कप्तानी करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। टीम ने जिस भरोसे के साथ मुझे रिटेन किया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। इंदौर में खेलना हमेशा खास अनुभव होता है क्योंकि यहां के क्रिकेट प्रशंसकों का उत्साह अद्भुत है।

## वंदे मातरम् 150 वर्ष...30 मार्च तक कई कार्यक्रम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न चरणों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर में शहीद दिवस 23 से 30 मार्च तक 'वंदे मातरम् विशेष चरण' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस विशेष चरण का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 'वंदे मातरम' के इतिहास, भाव एवं राष्ट्रीय चेतना को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके साथ ही प्रमुख स्थलों पर 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन आयोजित किया जाएगा। गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार 'वंदे मातरम' का पूर्ण अधिकृत संस्करण (लगभग 3 मिनट 10 सेकंड) ही गाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत क्वायर, कोरियोग्राफिक प्रस्तुतियाँ, म्यूजिकल थियेटर जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों के लिए 'स्वतंत्रता सेनानी को पत्र लिखें' गतिविधि भी आयोजित होगी।

## एशियन जूनियर अंडर-14 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट 30 से

**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ के तत्वाधान में एशियन जूनियर अंडर-14 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन इंदौर टेनिस क्लब में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसमें एशिया के कई देशों के अलावा देश व प्रदेश के स्थानीय खिलाड़ियों को भी इसमें खेलने का मौका मिलेगा।

भारतीय टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि जूनियर खिलाड़ियों के लिए प्रदेश संगठन लगातार टूर्नामेंट आयोजित करता आ रहा है। अब पहली बार इंदौर में एक और बड़ा टूर्नामेंट आयोजित की जा रहा है, जिसमें एशियाई देशों के जूनियर खिलाड़ियों के साथ स्थानीय खिलाड़ियों को भी खेलने का मौका मिलेगा। इंदौर में पहली बार एशियन जूनियर अंडर-14 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट खेला जाएगा। इसमें भारत के अलावा अब तक सिंगापुर, जार्डन व अन्य देशों के बालक व बालिकाओं की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। टूर्नामेंट के लिए इंदौर टेनिस क्लब में तैयारियां प्रारंभ हो गई है।

धूपर ने बताया कि यह टूर्नामेंट नॉक आउट नहीं होगा। इसमें हर खिलाड़ी को अपनी पोजीशन हासिल करने के लिए अंतिम दिन तक मैच खेलना होगा। टूर्नामेंट में एकल व युगल बालक व बालिका वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले 28 और 29 मार्च को खेले जाएंगे वहीं मुख्य दौर के मुकाबले 30 मार्च से 3 अप्रैल तक खेले जाएंगे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद खरगोन जिला खरगोन (म.प्र.)

दूरभाष (कोड-07282)231333 फेक्स-21333-E-Mail cmokhargone@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक/174/MCK/-ई टेंडर/2026 खरगोन, दिनांक 16/03/2026

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2026_UAD_ 491555_1 Date 18.03.2026 | स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता मापदंड अनुसार नगर के व्यवसायिक क्षेत्र, प्रमुख मार्गो में हैंगिंग डस्टबीन (लीटरबीन) जुड़वा दो पयर में हरा व नीला मय लोहे के स्टेण्ड सहित नग 150 (जोड़) क्रय करने व नियत स्थानों पर स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। | 1. माह 15.00 लाख | 1. 2000/- 2. 11250/- | 17/04/2026 5.30 PM |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(छाया जोशी) अध्यक्ष नगर परिषद खरगोन
(गोलू कर्मा) उपाध्यक्ष
(श्रीमती कविता अरविन्द पाटीदार) सभापति स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नगर परिषद खरगोन
(सुश्री कमला कोल) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद खरगोन

## इन्दौर नगर पालिक निगम
**मोती तबेला झोन-32**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती डायना पति श्री संजय वाधवानी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001167777 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 22 स्कीम नं. 103 इंदौर के नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# भगदड़ में मरे फैंस को श्रद्धांजलि देगी आरसीबी

## अभ्यास में 11 नंबर की जर्सी, मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधेंगे खिलाड़ी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। इसके अलावा फ्रेंचाइजी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें खाली रखने की योजना भी बनाई है।

आरसीबी ने पिछले साल पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के जश्न के लिए चार जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया गया था। सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद आरसीबी को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था।





आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने कहा, मैच वाले दिन खिलाड़ी अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। मैच के दौरान वे अपनी जर्सी नंबर में ही नजर आएंगे। अभ्यास के दौरान सभी खिलाड़ियों की पीठ पर जर्सी नंबर 11 लिखा होगा। इसके अलावा उस दिन वे अपनी बांह पर काले रंग की पट्टी भी पहनेंगे। हम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 स्थायी सीटें बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। ये उन 11 फैंस के लिए हैं जो हमेशा हमारे साथ रहेंगे।

डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां अपना पहला मैच खेलेगी, जो इस मैदान पर खेले जाने वाले उनके पांच घरेलू मैचों में से पहला मैच होगा। आरसीबी इस आईपीएल में अपने शेष दो घरेलू मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा।

मेनन ने यह भी बताया कि मैच के दिनों में टिकट धारकों को मेट्रो की सुविधा मिलेगी। पार्किंग की पहले से बुकिंग की जा सकती है और स्टेडियम के सभी गेट मैच से चार घंटे पहले खुल जाएंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि फ्रेंचाइजी ने इस वर्ष 'अनबॉक्स' कार्यक्रम आयोजित नहीं करने का फैसला किया है और मैच के दिन उसका पूरा ध्यान मैच को सुचारू रूप से संचालित करने पर होगा।

# पंजाब के मिस्ट्री स्पिनर विशाल निषाद की अनोखी ख्वाहिश

## कोहली को आउट किया तो पैर छुएंगे

**मोहाली।** पंजाब किंग्स के मिस्ट्री स्पिनर विशाल निषाद महान बल्लेबाज विराट कोहली के जबरा फैन हैं। 18 साल के इस युवा गेंदबाज की ख्वाहिश अपने आदर्श कोहली का विकेट लेने की है। उन्होंने पंजाब किंग्स के यूट्यूब चैनल पर कहा कि अगर वह विराट कोहली को आउट करेंगे तो उसके बाद उनके पैर छुएंगे।

पंजाब किंग्स के मिस्ट्री स्पिनर विशाल निषाद महान बल्लेबाज विराट कोहली के जबरा फैन हैं। इतने तगड़े फैन कि वह अपनी जर्सी का नंबर भी 18 ही चाहते थे जो किंग कोहली का है। ये जर्सी नंबर पहले ही उनकी टीम के साथी प्रियांश आर्या ले चुके हैं तो निषाद ने अपनी जर्सी का नंबर 81 चुन लिया। विशाल कभी अपने आदर्श विराट कोहली से मिले नहीं हैं लेकिन आईपीएल 2026 में






कम से कम दो बार उनकी टीम और किंग कोहली की आरसीबी के बीच मुकाबला होगा। निषाद की हसरत है कि वह अपने आदर्श को आउट करें। उन्होंने कहा कि अगर वह विराट कोहली का विकेट लेंगे तब उनका पैर छुएंगे।

उत्तर प्रदेश के विशाल निषाद को पंजाब किंग्स ने 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा है। पहले राउंड में वह अनसोल्ड रहे थे लेकिन तीसरे राउंड में आखिरकार पंजाब किंग्स ने इस स्पिनर के लिए बोली लगा दी। विराट कोहली अपने करियर में कभी-कभी स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे हैं। विशाल निषाद भी चाहते हैं कि मौजूदा दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक किंग कोहली का विकेट उनके नाम भी दर्ज हो। निषाद ने पंजाब किंग्स के यूट्यूब चैनल पर विराट कोहली को लेकर कहा, मैं उनसे कभी मिला नहीं हूं लेकिन इस सीजन में मैं उनका दो बार सामना करूंगा। और अगर मैंने उनका विकेट लिया तब मैं उनके पैर छुऊंगा क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं।

18 साल के युवा गेंदबाज ने कहा, मैदान के बाहर तो मैं उनसे बाद करूंगा और उनसे सीखने की कोशिश करूंगा। मैदान में तो वही एटिट्यूड रहेगा। मैं उन्हें आउट करने की कोशिश करूंगा।

# गिल ने अपने शांत दिमाग खेल और धीरज को बताया सफलता का राज

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अहमदाबाद में बताया कि उनके खेल में शांत और धैर्य वाला स्वभाव क्यों है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह ये है कि वह खुद पर भरोसा रखते हैं और अपनी टीम के साथ सुरक्षित और आत्मविश्वास महसूस करते हैं।

टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा नहीं रहे गिल अब गुजरात टाइटंस के लिए छोटे प्रारूप में वापसी करेंगे। यह फ्रेंचाइजी 2022 की चैंपियन और 2023 की उपविजेता रही है और अपनी एकमात्र खिताबी जीत में इजाफा करना चाहेगी। गिल ने यहां 'शुभारंभ 2026' कार्यक्रम में कहा, मैं बस खुद जैसा हूं और मेरे खेल और अपने समूह में जो विश्वास और सुरक्षा है, उसी से मेरे खेल में संयम आता है। गुजरात टाइटंस की टीम अपना अभियान 31 मार्च को पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स के खिलाफ उनके घरेलू मैदान मुल्लनपुर पर शुरू करेगी। उसके बाद वह 4 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले घरेलू मैच के लिए अहमदाबाद लौटेगी।



गिल ने कहा, किसी भी परिस्थिति में संयमित रहना आपको व्यापक दृष्टिकोण देता है। आप वर्तमान से आगे देख पाते हैं, बड़ी तस्वीर समझ पाते हैं और दीर्घकालिक सोच स्पष्ट हो जाती है। उन्होंने कहा कि यही संयम टीम के मुख्य कोच और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा की भी सबसे बड़ी ताकत है।

# तीन दिनी कबड्डी स्पर्धा 27 से

**इंदौर।** संस्था श्री योगेश्वर द्वारा जिलास्तरीय संध्याकालीन तीन दिवसीय कबड्डी स्पर्धा 27 से 29 मार्च तक श्रमिक क्षेत्र वल्लभनगर कॉम्पलेक्स मैदान में आयोजित की जाएगी।

संस्था श्री योगेश्वर के संयोजक एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया व अध्यक्ष गोविंद सिंह गेहलोत, राजू साहूकार ने बताया कि स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के लिए संस्था श्री योगेश्वर द्वारा जिलास्तरीय संध्याकालीन कबड्डी स्पर्धा 27, 28 व 29 मार्च को श्रमिक क्षेत्र वल्लभनगर कॉम्पलेक्स मैदान में आयोजित की जाएगी। कबड्डी प्रतियोगिता मध्य प्रदेश अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन के नियम अनुसार खेले जाएंगे या प्रतियोगिता ओपन जिला स्तरीय रहेगी जिसमें महिला पुरुष दोनों भाग ले सकते हैं व आज की आधुनिक पीढ़ी के लिए एक अनोखा आयोजन है जिसमें आजकल के नौजवानों को जो पश्चिमी संस्कृति की तरफ जा रहे हैं उन्हें अपने स्वदेशी खेल की जानकारी व अपनी भारतीय सभ्यता को दर्शाने के लिए यह आयोजन किया गया है इस कबड्डी स्पर्धा को देखने के लिए बड़ी संख्या में इंदौर सहित कई शहरों से लोग देखने आएंगे, साथ ही महिला व पुरुषों को बैठने की अलग-अलग व्यवस्थाएं भी समिति द्वारा की जा रही है।

# इम्पैक्ट प्लेयर का नियम हर किसी को पसंद आए यह जरूरी नहीं: गांगुली

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 की 28 मार्च से शुरुआत होने जा रही है। यह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19वां सीजन है। पिछले कुछ सालों से आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम लगातार चर्चा में बना हुआ है। रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी इस नियम की आलोचना कर चुके हैं। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर नियम पसंद नहीं। वहीं, पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस निमय को लेकर बेबाक बात कही है। गांगुली का मानना है कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' कहीं नहीं जाने वाला।

गांगुली से मंगलवार को एक इवेंट में अक्षर के बयान का हवाला देकर इम्पैक्ट प्लेयर को लेकर सवाल किया गया। जवाब में पूर्व कप्तान ने दो टूक कहा, मुझे लगता है कि इम्पैक्ट प्लेयर






का नियम बना रहेगा। जब मैं बीसीसीआई अध्यक्ष था, तब यह आ चुका था। यह यहीं रहेगा, इसे लेकर लोगों की अलग-अलग राय हो सकती है। किसी को यह पसंद आएगा और किसी को नहीं। आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम 2023 में आईपीएल में लागू किया गया था। इस नियम के तहत टीम मैच के दौरान प्लेइंग इलेवन के किसी एक प्लेयर को सब्स्टीट्यूट में से किसी एक से चेंज कर सकती हैं। यह नया खिलाड़ी बल्लेबाजी या गेंदबाजी कर सकता है। इस तरह टीम 12 खिलाड़ियों का इस्तेमाल करती हैं। टॉस के समय टीम को अपनी प्लेइंग इलेवन के अलावा 5 सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों के नाम बताने पड़ते हैं।

अक्षर पटेल ने कहा था, मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं खुद एक ऑलराउंडर हूं। पहले हम इस भूमिका (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) के लिए ऑलराउंडर चुनते थे। अब टीम प्रबंधन किसी खास बल्लेबाज या गेंदबाज को चुनता है। वे कहते हैं कि हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है? उन्होंने कहा, खुद एक ऑलराउंडर होने के नाते मुझे यह पसंद नहीं है, लेकिन साथ ही नियम तो नियम होते हैं। हमें उनका पालन करना होता है। व्यक्तिगत रूप से मुझे यह पसंद नहीं है। रोहित ने 2024 में कहा था कि उन्हें यह नियम पसंद नहीं क्योंकि इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडर खिलाड़ियों के विकास में बाधा आती है।



# टोस्ट-ब्रेड बनाने वाली बैकरी में लगी आग

## धार रोड पर एक के बाद एक कई पहुंचे टैंकर



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

धार रोड नावदा पंथ के समीप सिंहासा में स्थित नाईस-फूफा बैकरी में आज सुबह आग लग गई। आग की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंचा और एक के बाद एक कई टैंकर पानी से इस बैकरी में लगी आग को नियंत्रण करने की कोशिश की गई। समाचार लिखे जाने तक 5 टैंकर पानी लग चुका था और हलकी आग लगी थी, जिस पर भी फायर ब्रिगेड नियंत्रण कर रहा था। इस बैकरी को जवाहर मार्ग बम्बई बाजार की बैकरी के परिवार की बताई गई। स्कूल के समीप यह बैकरी टोस्ट, ब्रेड, बिस्किट सहित अन्य वस्तुएं बनाती है। गत वर्ष ही इस बैकरी को खोलने की बात बताई गई। आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# रद्दी गोदाम में भीषण आग

**इन्दौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के निपानिया स्थित एक रद्दी गोदाम में लगी भीषण आग पर फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, आज सुबह करीब 5 बजे निपानिया क्षेत्र में शिव वाटिका के पास स्थित एक रद्दी गोदाम में अचानक आग लगने की सूचना मिली। गांधी हॉल फायर स्टेशन से टीम तुरंत दमकल के साथ मौके पर पहुँची। फायर ब्रिगेड टीम ने करीब 5 हजार लीटर पानी की मदद से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझाया। आग से गोदाम में रखा भारी मात्रा में वेस्ट पेपर और अन्य कबाड़ का सामान जलकर खाक हो गया। समय रहते आग पर काबू पाने से इसे आसपास की बस्तियों तक फैलने से रोक लिया गया। इधर बीती रात कोठारी मार्केट के समीप एक डीपी में आग लगी थी। सूचना मिलने पर मौके पर दमकल पहुंची। हालांकि पुलिस और एमपीईबी कर्मचारियों द्वारा आग पर तुरन्त काबू पा लिया गया था। घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है।

# घर में घुसकर कंपनी मैनेजर ने की महिला कर्मचारी से अश्लील हरकत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक महिला कर्मचारी के साथ उसकी ही कंपनी के मैनेजर द्वारा छेड़खानी और धमकाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी मैनेजर महिला के घर में बिना अनुमति घुसा और उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने अपनी पहुँच का हवाला देते हुए पीड़िता को नौकरी से निकलवाने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, 30 वर्षीय पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी कंपनी का मैनेजर हिमांशु दुबे अचानक उसके घर पहुँचा। पीड़िता ने बताया कि कुछ देर सामान्य बातचीत करने के बाद हिमांशु की नीयत बदल गई। उसने गलत इरादे से पीड़िता को छुआ और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए जबरदस्ती करने का प्रयास किया।पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी का कड़ा विरोध किया और शोर मचाना शुरू कर दिया।घबराकर आरोपी हिमांशु ने उसे धक्का दिया और मौके से फरार हो गया। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने इस व्यवहार की शिकायत कंपनी में करने की बात कही, तो आरोपी ने उसे धमकाया।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी हिमांशु ने रौब झाड़ते हुए कहा कि वह लंबे समय से कंपनी में बड़े पद पर कार्यरत है और उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। उसने पीड़िता को चेतावनी दी कि अगर उसने शोर मचाया या शिकायत की, तो वह उसे तुरंत नौकरी से निकलवा देगा।

## गैरेज पर काम करते वक्त अचानक गिरा बुजुर्ग, मौत

**इन्दौर।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक गैरेज पर काम करने के दौरान एक बुजुर्ग की अचानक तबीयत बिगड़ने और बेहोश होकर गिरने से मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में मामला हार्टअटैक का माना जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूसाखेड़ी निवासी गप्पू पिता सतीया (65) ट्रांसपोर्ट नगर के एक गैरेज पर काम करते थे। कल जब वे गैरेज पर अपना नियमित काम कर रहे थे तभी अचानक उन्हें चक्कर आया और वे गश खाकर जमीन पर गिर पड़े। साथी कर्मचारी और आसपास के लोग तुरंत उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुँचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# घर में दोस्त को लाने से टोका तो बेटे ने माता-पिता को पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के कुंदन नगर में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। एक कलयुगी बेटे ने अपने दोस्त के साथ घर आने पर टोका-टाकी करने से नाराज होकर अपनी ही मां और पिता के साथ बेरहमी से मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, कुंदन नगर निवासी निर्मला सिसोदिया ने अपने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। निर्मला ने बताया कि बीती रात करीब 8:30 बजे उनका बेटा राजा अपने दोस्त सुमित के साथ घर पहुँचा था। दोस्त के बार-बार घर आने-जाने को लेकर जब मां ने आपत्ति जताई और उसे समझाया, तो राजा आगबबूला हो गया और अपनी ही मां व पिता राजेश सिसोदिया को गालियां देने लगा।विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी राजा ने अपनी मां निर्मला को थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। जब पिता राजेश अपनी पत्नी को बचाने के लिए बीच में आए, तो आरोपी ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की की और हाथ-मुक्कों से उन पर हमला कर दिया। घर में मचे इस हंगामे के बाद आरोपी ने जाते-जाते धमकी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की, तो जान से खत्म कर दूँगा।

# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी, पुलिस ने ऑटो चालक को दबोचा जब्त किए 8 सिलेंडर




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री और कालाबाजारी के खिलाफ चंदन नगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो बाजार में किल्लत का फायदा उठाकर ऊंचे दामों पर सिलेंडर खपा रहा था। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से 8 गैस सिलेंडर और एक ऑटो रिक्शा बरामद किया गया है।**

थाना प्रभारी तिलक करोले के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर केशव नगर निवासी 33 वर्षीय शाहरुख खान को रोका गया। वह अपने ऑटो MP 09 RB 1924 में अवैध रूप से सिलेंडर ले जा रहा था। पूछताछ में सनसनीखेज खुलासा हुआ कि आरोपी 941 रुपये का सिलेंडर 1500 से 2000 रुपये के बीच जरूरतमंदों को बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहा था। पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कि आरोपी को ये सिलेंडर कहाँ से उपलब्ध हो रहे थे।

# कलयुगी बेटे-बहू ने बुजुर्ग माता-पिता को पीटा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने ही बेटे और बहू पर मारपीट, भुखमरी और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। बुजुर्ग दंपत्ति की देखभाल करने आई बेटियों पर भी बहू ने हथौड़े और झाड़ू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी बेटे बहू के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**देखभाल करने वाली बेटियों पर हथौड़े से हमला**

पुलिस के मुताबिक, शिवाजी नगर निवासी 80 वर्षीय हीरालाल कश्यप ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि उनका बेटा आशीष कश्यप और बहू ममता कश्यप आए दिन उनके और उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज व मारपीट करते हैं। आरोप है कि दोनों बुजुर्गों को न तो समय पर खाना देते हैं और न ही उनकी बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखते हैं। घर में रहने से रोकने के साथ-साथ अपनी बेटियों और दामाद को भी मिलने नहीं देते।पीड़ित ने बताया कि गत 5 मार्च को उनकी बेटियां अर्चना वर्मा और राखी वर्मा अपने माता-पिता की देखभाल के लिए घर पहुँची थीं। इसे देख बहू ममता भड़क गई और अश्लील गालियां देने लगी। डर के मारे बेटियों ने कमरे का गेट बंद कर लिया, तो आरोपी ममता हथौड़ा लेकर आ गई और दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। जैसे ही दरवाजा खुला, उसने झाड़ू और थप्पड़ों से ननदों की पिटाई कर दी। वहीं बेटे आशीष ने अपने ही भांजे दिव्यांश के साथ भी मारपीट की।

# होटल बुकिंग के नाम पर 1.44 लाख की ऑनलाइन ठगी

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में होटल बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी ने फर्जी मोबाइल नंबर के जरिए युवक से लाखों रुपये ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी अंकित मूंदड़ा उम्र 33 निवासी बी-13 अपटाउन अपोलो डीबी सिटी ने शिकायत दर्ज कराई कि 14 मई को वह परिवार के साथ मुंबई घूमने की योजना बना रहा था। इस दौरान उसने इंटरनेट पर नोबेटल मुंबई इंटरनेशनल होटल सर्च किया और दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया था, आरोपी ने होटल बुकिंग के नाम पर प्रति व्यक्ति 7,800 रुपए के हिसाब से पांच दिन के लिए 1,44,815 रुपए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवा लिए। लेकिन जब फरियादी मुंबई पहुंचा तो पता चला कि उसके नाम से होटल में कोई बुकिंग ही नहीं है और जिस नंबर पर उसने संपर्क किया था, वह होटल का अधिकृत नंबर नहीं है। लसूड़िया पुलिस ने मोबाइल नंबर धारक अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर साइबर ठगी के एंगल से जांच शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।